## संक्षिप्त खबरें

### रंगदारी मांगने आए युवक को ग्रामीणों ने पीटकर किया पुलिस हवाले

फतुहा। बुधवार को छोटी लाइन बाजार स्थित एक मोबाइल दुकान पर रंगदारी मांगने पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया तथा जमकर पिटाई कर दी। पिटाई होते देख दूसरा साथी वहां से फरार हो गया। बाद में पिटे युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक स्टेशन रोड का रहने वाला सोनु कुमार उर्फ अमर है। मोबाइल दुकानदार पीड़ित कृष्णा केशरी ने बताया कि छोटी लाइन बाजार में उनकी एक मोबाइल दुकान है। दोपहर 12 बजे के करीब दो बदमाश दुकान पर आए और उनके बेटे से रंगदारी के रुप में पैसे मांगने लगे। विरोध करने पर वह मारपीट करते हुए जान मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने बदमाशों की पहचान कर एक को पकड़ लिया तथा पिटाई करने लगे।

### 720 लीटर देशी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

फतुहा। बुधवार को अहले सुबह स्थानीय पुलिस ने पुनपुन नदी के किनारे भूतनाथ इलाके से 720 लीटर देसी शराब बरामद किया है। हालांकि धंधेबाज पुलिस को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाते हुए नदी में कूदकर फरार हो गये। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपए बतायी जा रही है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पुनपुन नदी के किनारे भूतनाथ इलाके में शराब की खेप आयी हुई है जिसे कुछ लोग खपाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने उक्त जगह पर छापेमारी कर नदी के किनारे रखी हुई शराब की खेप को जब्त कर लिया।

### ट्रेन से गिरने के कारण एक व्यक्ति की हुई मौत

दानापुर। खगौल रेल थाना के अंतर्गत दानापुर नेउरा रेलवे स्टेशन के बीच पॉल संख्या 556/31 एवं 557 /01 के बीच आप व डाउन लाइन के बगल में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 60 वर्ष पुरुष यह किसी चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण मृत्यु होना प्रतीत होता है रेल थाना शव को अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम करने के बाद शव को सुरक्षित रख दिया जायेगा या व्यक्ति नीला शर्ट उजाला रंग का स्वेटर क्रीम कलर का पेंट पहने हुए जीआरपी थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया की सूचना मिलेगी नेउरा स्टेशन के पास एक व्यक्ति किसी चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई है।

### शराब सहित दो गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने शराब के साथ एक और शराब मामले में फरार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम के पीएसआई अखिलेश कुमार ने अदरक घाट पर छापेमारी कर 20 लीटर विदेशी शराब के साथ किला घाट का रहने वाला विपिन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर लिया है। शराब मामले में फरार एक आरोपित नुरुउद्दीनगंज वासी सुनील सहनी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### चोरी के ऑटो के साथ धराया

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के कैमाशिकोह मुहल्ला से संजय राय की आटो चोरी चली गई थी। चौक थाना में मामला दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि घर के बाहर से चोरी गए ऑटो को आलमगंज थाना के बिस्कोमान गोलंबर से बरामद कर लिया गया। इस मामले में आलमगंज थाना क्षेत्र के खड़ाकुआं गायघाट मुहल्ला का रहने वाला अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# मौसम के हिसाब से फल, फूल व पौधों का आयुर्वेद में हो इस्तेमाल : नंदकिशोर

## पटना के क्षेत्रीय यूनानी संस्थान का राष्ट्रीय संगोष्ठी में अनेक विकल्प पर काम करने का सुझाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता






केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गायघाट स्थित केएल सेवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, पटना नगर निगम के महापौर सीता साहू के अलावा सीसीआरयूएम के महानिदेशक डॉ एन जहीर अहमद, पटना के गवर्नमेंट तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ मो तनवीर आलम, होम्योपैथी के क्लीनिकल वेरिफिकेशन यूनिट के प्रभारी डॉ अविनाश कुमार, बिहार योगा के अध्यक्ष अवधेश कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ कृष्ण कुमार सिंह, यूनानी आयुष विभाग पटना के निदेशक डॉ मोहम्मद वसीमुद्दीन और क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के उपनिदेशक डॉ मुमताज अहमद मौजूद थे। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ राजेश कुमार का कहना था कि भारत से डॉक्टर और वैज्ञानिकों का इस आयोजन में भागीदारी रही। विशेष रूप से आयुष के तहत आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी जैसे विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट्स के द्वारा यूनानी चिकित्सा द्वारा वृद्धावस्था की समग्र स्वास्थ्य देख-रेख के विषय पर चर्चा की गई। संस्थान के उपनिदेशक डॉ मुमताज अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया और भाग लिया। यूनानी चिकित्सा से के हिसाब से हमें अपनी खुराक, वर्जिश और जेहेनसाजी में तवार्जुन बनाए रखना चाहिए। यूनानी चिकित्सा पद्धति जड़ी-बूटियों के द्वारा इलाज के लिए भी जानी जाती है। इन्हें जनता रोजमर्रा के काम में शामिल करके अपनी सेहत की हिफाजत कर सकते हैं। महानिदेशक डॉ एन जहीर अहमद ने यूनानी में सीसीआरयूएम के कंट्रीब्यूशन पर प्रकाश डाला। इसमें काउंसिल के डायवर्स एक्टिविटीज जिनका ताल्लुक रिसर्च, एनएबीएच एक्रीडिटेशन फॉर हॉस्पिटल्स, रजिमेंटल थेरेपीज, लिटरेरी रिसर्च वर्क, लेबोरेटरी के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेशंस, ओपीडी, आईपीडी में रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के बारे में, एनएचएमआईएस, जीएमपी सर्टिफाइड फामेर्सी, जो कि इलाहाबाद और चेन्नई में स्थापित है, डब्ल्यूएचओ इंटरनेशनल स्टैंडर्ड टर्मिनोलॉजी इन यूनानी मेडिसिन बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही कोलैबोरेटिव वर्क को प्राथमिकता देते हुए गवर्नमेंट तिब्बी कॉलेज एंड हॉस्पिटल राज्य में मौजूद आईसीएमआर के इंस्टिट्यूट राज्य में मौजूद आयुर्वेद, योगा और होम्योपैथी के संस्थानों के साथ कोलैबोरेशन पर भी जोर दिया। महानिदेशक डॉ एन जहीर ने कोलैबोरेटिव एविडेंस बेस्ड डाटा को जनरेट करने पर जोर दिया। गवर्नमेंट तिब्बी कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ तनवीर आलम ने कार्यक्रम पर लोगों को धन्यवाद करने के बाद यूनानी की दुनिया में अहमियत के ऊपर रोशनी डाली और हकीम अजमल खान के कंट्रीब्यूशन के बारे में भी जागरूक किया। डॉ आलम ने कोलैबोरेटिव एप्रोच को बहुत अच्छी सोच बताते हुए सीसीआरयूएम की तारीफ की और डायरेक्टर जनरल डॉ एन जहीर अहमद से गवर्नमेंट तिब्बी कॉलेज एंड हॉस्पिटल पटना विकसित करने की भी इच्छा जाहिर की। आयोजन में होम्योपैथिक क्लीनिकल वेरिफिकेशन यूनिट के इंचार्ज डॉ अविनाश कुमार ने डॉ मुमताज को बधाई देते हुए कोलैबोरेटिव एप्रोच, जो कि होम्योपैथी और यूनानी के बीच हो, इस सोच को अहमियत दी। संगोष्ठी में मौजूद पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ सिकंदर अली और डॉ एस मंजर अहसन का भी शुक्रिया अदा किया गया। प्रेसिडेंट ऑफ योगा अवधेश कुमार ने संस्थान में आने वाले गरीब मरीजों की चिकित्सा पर ध्यान देने पर जोर दिया। रीजनल आयुर्वेद रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक डॉ कृष्ण कुमार सिंह ने प्रोग्राम की थीम को उचित बताते हुए रसायन और पंचकर्म की मांग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीवन में इम्यूनिटी को बढ़ाने की बात कही। सही आहार और औषधि का भी जिक्र किया। आयुर्वेद में मौजूद दवाएं जैसे कि अश्वगंधा, ब्राह्मी और कंपाउंड फॉमूर्लेशन जैसे जॉइन प्रयास के उपयोग की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। यूनानी पटना के निदेशक डॉ मोहम्मद वसीमउद्दीन ने अपने अनुभव को साझा किया। महापौर श्रीमती सीता साहू ने आयुष चिकित्सा पर ज्यादा जोर देते हुए अंग्रेजी दवाओं के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी बात कही। विधायक नंदकिशोर यादव ने बुढ़ापे की कमियों को कैसे रोका जाए, पर अपने विचार रखे। श्री यादव ने भारत के मौसम के हिसाब से फल, फूल और पौधों के इस्तेमाल की बात कही और बताया कि दूसरी चिकित्सा पद्धति जैसे योग, आयुर्वेद भी अहमियत रखता है। प्रतिभागियों द्वारा पोस्ट और मौखिक दोनों प्रस्तुतियों की गई। इसके लिए दो-दो पुरस्कार भी लोगों को दिए गए। मौखिक प्रस्तुति में डॉ दरख्शा तरन्नुम और डॉ मो इबरान थे, जबकि डॉ नवाजुल हसन और डॉ इराम फातिमा को सम्मानित किया गया। पूर्व उपनिदेशक डॉ सिकंदर अली एवं डॉ एस मंजर अहसन ने विश्वास की बुनियाद पर पद्धति से इलाज किए जाने और आयुष को बढ़ावा देना आज के समय की बड़ी जरूरत बताई।

# बाप बेटे के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाए

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत दानापुर न्यायालय में एडीजे तीन मनोज कुमार श्रीवास्तव ने राजाबाबू हत्या मामले में दो आरोपियों बाप बेटे के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाए। एपीपी मो कलाम अंसारी ने बताया कि बिहटा थाना कांड संख्या 383/20 में डुमरी निवासी बिट्टू कुमार के भाई 24 वर्षीय राजाबाबू की हत्या गांव में एक जगह उस समय कर दी गई थी,जब वह बैठा हुआ था। तभी अमरनाथ पाल अपने पुत्र बिजय कुमार के साथ बाईक पर आया। पहले अमरनाथ ने गोली चलाई जो मिस हो गया। उसके बाद अपने बेटे बिजय को गोली मारने को कहा।बिजय ने दो गोली चलाई जिसमें एक गोली राजाबाबू को लगी और मौत हो गई थी। उक्त हत्याकांड में अमरनाथ पाल और उसके पुत्र बिजय कुमार को मुख्य आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायधीश श्रीवास्तव ने दोनों के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाए। दोनों के खिलाफ बीस बीस हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# हत्या के मामले मे फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर पुलिस ने मनीष कुमार हत्या मामले मे फरार चल रहे आरोपी के घर का कुर्की किया। बुधवार को दानापुर थाना क्षेत्र के रघुवंशीनगर स्थित हत्या में आरोपित नीतीश कुमार के घर पहुंची पुलिस ने घर का कुर्की जप्ती की कारवाई की।

आरोपित नीतीश कुमार फरार चल रहा था। शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा स्थित हेतनपुर में दुधनाथ राय के पुत्र मनीष कुमार की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। जिसमें शाहपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था।

जिसमें मुख्य आरोपी नीतीश कुमार को आरोपित किया गया था। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार आनंद ने बताया कि आरोपित नीतीश के गिरफ्तारी को लेकर बराबर छापेमारी की जाती रही। जिसके बाद कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गयी। मनीष हत्या कांड में नीतीश मुख्य आरोपी है और फरार चल रहा है।

# तख्तश्री कमेटी की आज बैठक में वोटर लिस्ट को पास करना चुनौती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके बावजूद कमेटी की बैठक से तैयार मतदाता सूची के अप्रूवल नहीं होने के कारण बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं कर पा रहा है। वहीं दूसरी ओर कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन पटना उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन 10393/23 दायर किए थे। इसमें माननीय न्यायाधीश पूर्णेन्दु सिंह ने 19 जनवरी को सुनवाई की थी। इस दौरान याचिकाकर्ता, महासचिव और चुनाव प्राधिकार के अधिवक्ताओं के द्वारा बहस हुई और बाद में श्री ढिल्लन और महासचिव इंद्रजीत सिंह के अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से कोर्ट को सूचित किया था कि तीन सप्ताह का समय दोनों पक्ष को दिया जाए, ताकि कमेटी बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार को वोटर लिस्ट चुनाव के बाबत पेश कर सके। वहीं दूसरी ओर बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव ने भी महासचिव को पत्र भेजा है, जिसमें कमेटी में लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए चुनाव कराए जाने की बात कहते हुए नौ फरवरी तक अनुमोदित मतदाता सूची भेजने को कहा है। इसी के बाद अध्यक्ष जगजोत सिंह की सलाह पर महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 25 जनवरी, 24 को पत्र जारी कर आठ फरवरी को पूर्वाह्न 11.30 बजे मीटिंग हॉल में बैठक आहूत की है। इसमें एकमात्र एजेंडा बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार से प्राप्त पत्र पर विचार करते हुए उचित कार्यवाही के लिए अनुमोदन करना है। अन्य विविध जैसा अनुमति हो, उस पर विमर्श किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बैठक के एक दिन पूर्व बुधवार को अध्यक्ष शाम तक कार्यालय नहीं आए थे। वहीं याचिकाकर्ता महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के अलावा राजा सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुबिंदर सिंह भी पटना में हैं। बैठक में भाग लेने के लिए हरपाल सिंह जौहल भी पटना आ चुके हैं। सदस्य गोबिंद सिंह लोंगोवाल के आने की संभावना नहीं है। डॉ गुरमीत सिंह के आने को लेकर भी हां-न वाली स्थिति बनी है।

**बैठक का कोरम होगा पूरा:** दरअसल कमेटी के पदाधिकारी के बीच एका नहीं होने के कारण बैठक नहीं की जा रही थी। अब जबकि अध्यक्ष जगजोत सिंह की सहमति से महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बैठक आहूत की है। वहीं पटना उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वाले महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन को भी बैठक में भाग लेना जरूरी है। कारण कि उनके अधिवक्ता ने कोर्ट में सहमति जताई है। ऐसे में वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह के साथ ही अध्यक्ष जगजोत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह और हरपाल सिंह जौहल को लेकर पांच के कोरम से अधिक हो जा रहा है। चर्चा है कि कमेटी के सदस्य रहे चरणजीत सिंह भी गुरुवार को पटना पहुंच रहे हैं।

**मजिस्ट्रेट व बल की तैनाती:** गुरुवार को होने वाली बैठक को लेकर कमेटी के महासचिव के द्वारा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था और मजिस्ट्रेट के बहाल किए जाने की बात कही गई है। अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ तक श्री कमेटी के निर्वाचित पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी से आग्रह किया गया है कि काफी प्रयास के बाद आठ फरवरी को बैठक आहूत की गई है। इसमें विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस बल की तैनाती और एक मजिस्ट्रेट को भी प्रतिनियुक्त किए जाने का आग्रह किया गया है, ताकि यहां की गतिविधियों से उन्हें भी उनके प्रतिनिधि के द्वारा अवगत कराया जा सके।

### वोटरलिस्ट के अनुमोदित न होने पर संगतों में आक्रोश व आंदोलन

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंध कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का चुनाव की प्रक्रिया फरवरी माह से ही बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार ने शुरू कर दिया था। इसके लिए बतौर सदस्य चरणजीत सिंह ने निर्वाचन प्राधिकार और कमेटी के अध्यक्ष एवं महासचिव को भी लिखित में सूचित किया था। हालांकि बीच में वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, विलोपित करने, मृतक वोटर का नाम हटाने और संशोधन को लेकर अनेक बार तिथि का विस्तार भी किया गया। एक बार तो खुद अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने पत्र जारी कर 10 दिनों के लिए तिथि बढ़ाने का काम किया था।

अब जबकि 8 फरवरी को हो रही बैठक महासचिव ने अध्यक्ष की सहमति से आहूत की है, ऐसे में पूरी संभावना जताई जा रही है कि तैयार की गई मतदाता सूची को बैठक में अनुमोदित कर दिया जाएगा। यदि इसमें दावा-आपत्ति की बात कहीं से उठती है, तो इसके लिए चुनाव प्राधिकार के ऊपर छोड़ा जा सकता है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, बिहार, दिल्ली, झारखंड एवं स्थानीय सिख संगतों में भी चुनाव नहीं कराए जाने और इसे टालने को लेकर चल रही कवायद पर गुस्सा है। संगतों का कहना है कि यदि कल की बैठक में एक बार फिर पदाधिकारी और सदस्यगण सहमति जता कर वोटर लिस्ट का अनुमोदन नहीं करते हैं, तो चुनाव नहीं चाहने वाले पदाधिकारी और सदस्यों के खिलाफ वे सब मोर्चा खोलेंगे और उनका बहिष्कार करेंगे। हालांकि इस बात को लेकर भी दोनों गुटों की ओर से सोशल मीडिया पर भी वॉइस मैसेज और लिखित में भी अपनी बातें रखी जा रही हैं। दूसरी ओर कमेटी के अगले सत्र के लिए जिला जज ने अपनी ओर से तीन सदस्यों को मनोनीत कर चुके हैं। इनमें आरएस जीत, रणजीत सिंह और गुरुविंदर सिंह शामिल हैं। पांच लोगों का चुनाव वोट के द्वारा होना है। इसमें हलका संख्या एक, दो और तीन के अलावा उत्तरी बिहार और दक्षिण बिहार शामिल है।

# बैंकर्स समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार मे हुई

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैंकर्स समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद के अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी, विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि, पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजना के बारे में विचार विमर्श किया गया। साथ ही उसके टारगेट की समीक्षा की गयी। बैठक में बैंको से योजना में लाभुको दिये जा रहे ऋण आदि के बारे में जानकारी ली गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री उघमी योजना, मुद्रा योजना, स्वनीनी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड डेयरी मत्सय पालन, पोल्ट्री, स्वयं सहायता समूह, बचत खाता एवं क्रेडिट लिंकेज, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें बैंको के पदाधिकारी के साथ प्रखंड व अंचल के विभिन्न विभागो के पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारी समेत संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए।

# तख्तश्री पटना साहिब में संत समागम आज

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में गुरुवार को संत समागम का आयोजन किया गया है। संत बाबा भाग सिंह, बाबा करतार सिंह, बाबा त्रिलोचन सिंह व व संत बाबा गुरचरण सिंह की स्मृति पर आयोजित होने वाले संत समागम को लेकर तख्तश्री पटना साहिब में 28 लड़ियों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ जारी रहा। कपूरथला पंजाब के संत बाबा अवतार सिंह व बाबा जसपाल सिंह के नेतृत्व में पाठी जत्थों की ओर बुधवार को भी पाठ जारी रहा।

# पोस्टर कांपटीशन में दिव्यांशी, श्रुति व पूजा रहीं अव्वल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कालेज के मनोविज्ञान विभाग में विभागीय क्रियाकलाप के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभाग की 20 छात्राओं ने जूही, खुशी, आकांक्षा, कशिश, प्रिया, पूजा, मैत्री, सोनी, दीपशिखा, श्रुति, शिवानी, शालू, अनामिका, शीतल, मुस्कान, प्रिया, नंदनी, कुसुम, पूजा, दिव्यांशी सिंह सहित विभिन्न छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्राचार्या प्रोडॉ पूनम, डॉ किरण कुमारी एवं कुलानुशासक डॉ सुषमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मनोविज्ञान विभाग की एक छात्रा रानी कुमारी ने पोस्टर के साथ आरपीएम कॉलेज के संस्थापक पन्नालाल जी की तस्वीर के साथ हाथ से स्केच बना कर धन्यवाद लिखा। यह आश्चर्यचकित खुशी का प्रतीक है कि पन्नालाल कॉलेज की छात्राओं में ज्ञान की ज्योति को प्रकाशित कर रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं को संबोधित करते प्रो पूनम ने छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने को प्रेरित किया और कहा कि हमारा महाविद्यालय किसी बड़े महाविद्यालय से कम नहीं है। यहां आपकी सुविधा के लिए सब कुछ है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशी सिंह, द्वितीय श्रुति पांडेय, पूजा कुमारी एवं तृतीय स्थान कुसुम कुमारी, मैत्री श्री और रानी कुमारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान की अध्यापिका अनिशा कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ रजिया नसरीन, डॉ अंजु जैन, डॉ प्रियंका एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गर्भवतियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राज्य भर में मनाया गया गोद भराई दिवस

## बिहार के सभी जिलों में गोद भराई दिवस मना कर दी गई पोषण की जानकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए समेकित बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।इसे लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भावस्था के प्रथम तिमाही में गर्भवति महिलाओं की पोषण संवर्धन को लेकर गोद भराई दिवस मनाया जाता है। गोद भराई दिवस के दिन गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व वाले आहार दिए जाते हैं।इस्के सेवन के प्रति जानकारी देते हुए गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ के देखभाल के लिये कहा जाता है। इसे लेकर बिहार के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बुधवार को गोद भराई दिवस मनाया गया।

**कुपोषण मुक्त समाज बनाने की कोशिशः** समेकित बाल विकास परियोजना विभाग के निदेशक कौशल किशोर ने बताया कि बुधवार को बिहार के सभी आंगनबाड़ी केदो पर विशेष तौर पर गोद भराई दिवस मनाया गया।उन्होंने बताया कि राज्य के सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं को मातृत्व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक कर उन्हें खाद्य विविधता , आईएफए और कैल्शियम की गोली सेवन करने और प्रसव पूर्व जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त भारत बनाने के संकल्प के साथ गर्भवती महिलाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान कुपोषण मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ लाभार्थियों ने भी संकल्प लिया।सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर कर्मियों ने पोषण को समृद्ध समाज के निर्माण के लिए अतिआवश्यक बताया।

**राज्य में शिशुओं में बौनेपन की दर में आई है कमी :** राज्य में शिशुओं में बौनेपन की दर में कमी भी आई है।राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में शून्य से 5 वर्ष तक के 48.3% बच्चे बौनापन से ग्रसित थे, जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में घटकर 42.9% हुआ है।वहीं, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के अनुसार 2.3% गर्भवती महिलाएं ही 180 दिन आईएफए यानी आयरन फोलिक एसिड का अनुपूरण कर पाती थी, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में बढ़कर 9.3% हो गया है।यद्यपि, अभी इसमें और भी सुधार करने की गुंजाईश शेष है.

**भोजन की विविधता पर बल:** इस दौरान भोजन की विविधता को बताते हुए आगनबड़ी सेविकओ ने नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने की जरूरत पर बल दिया। गर्भवती को बताया गया कि बाल विकास परियोजना द्वारा पोषक तत्वों के बारे में जागरूक करने का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नियमित रूप से बच्चो और गर्भवती महिलाओं को भी पौष्टिक आहार दिया जा रहा है, ताकि शिशुओं को कुपोषित होने से बचाया जा सके।

# एम्स पटना नशा मुक्त भारत अभियान पर पूरा समर्थन और काम करने के लिए होगा समर्पित : कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके. पाल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। मादक द्रव्यों का सेवन विकार कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारणों में से एक है जो विश्व स्तर के साथ-साथ भारत में भी तेजी से आम हो रही हैं। लत, आम तौर पर मानसिक अस्थिरता और मनोवैज्ञानिक समस्याओं और विकलांगता का प्रमुख कारण बनती है, आज एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके. पाल ने इस अनूठे अभियान के लिए राज्य समन्वयक, पीएमयू, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार रजनी झा का स्वागत किया। डॉ. जी.के. पाल ने राष्ट्रीय स्तर पर इस परियोजना का नेतृत्व करने के लिए अपनी रुचि और उत्साह दिखाया और एम्स पटना को देश में सर्वश्रेष्ठ केंद्र के रूप में स्थापित करने की इच्छा जताई। उन्होंने राज्य समन्वयक को बताया और आश्वस्त किया कि एम्स पटना नशा मुक्त भारत अभियान पर पूरा समर्थन और काम करने के लिए समर्पित होगा। जरूरतमंद लोग। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, दुनिया भर में ओपिओइड, शराब, कैनबिस और तंबाकू का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इसी रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया भर में नशीली दवाओं का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। 2021 में, दुनिया में 15-64 आयु वर्ग के प्रत्येक 17 लोगों में से 1 ने पिछले 12 महीनों में एक दवा का उपयोग किया था।

उपयोगकर्ताओं की अनुमानित संख्या 2011 में 240 मिलियन से बढ़कर 2021 में 296 मिलियन हो गई (15-64 आयु वर्ग की वैश्विक आबादी का 5,8 प्रतिशत) । यह 23 प्रतिशत की वृद्धि है, जो आंशिक रूप से जनसंख्या वृद्धि के कारण है। समानांतर रूप से, 14.6% भारतीय आबादी शराब का उपयोग करती है, 2.8% भांग का उपयोग करती है और 1.14% हेरोइन, रासायनिक ओपिओइड और अफीम जैसे ओपिओइड का उपयोग करती है (भारत में मादक द्रव्यों के सेवन का परिमाण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजेई), भारत सरकार)। 2019). समवर्ती मानसिक बीमारी के साथ, मृत्यु दर और जटिलता के कारण मादक द्रव्यों का उपयोग खतरनाक है। यदि निदान और इसके प्रबंधन के लिए शीघ्र ही विभिन्न उपाय किए जाएं तो कई लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

### एम्स के चिकित्सकों का चमत्कार : नौ वर्षीय बच्ची के कटे हाथ को जोड़ने में पाई सफलता

#### निदेशक डॉ जी के. पाल ने चिकित्सकों की पूरी टीम को दी बधाई



22 जनवरी को कापन गांव ,बिहुतिपुर, जिला समस्तीपुर में हुई एक दुर्घटना में अभिलाषा नामक नौ वर्षीय बच्ची ने अपनी कलाई से अपना कीमती दाहिना हाथ खो दिया। यह घटना तब हुई जब वह खेल रही थी और अनजाने में चारा काटने वाली मशीन पर गिर गई और उसका दाहिना हाथ कट गया। बच्ची चिल्लाई और उसकी मां घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ हालत को देखकर अन्य लोग इकट्ठा हो गए। वे बच्चे के हाथ में कपड़े को लपेटकर बिहुतिपुर स्थित पास के एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां से मरीज को अनुमंडल अस्पताल, दलसिंगराय स्थानांतरण कर दिया गया, जहां खून रोक कर कटे हिस्से को बर्फ में रखा गया और मरीज को पटना स्थानांतरण कर दिया गया। पटना पहुंचने पर मरीज सबसे पहले एक बड़े निजी अस्पताल गई। जहां से उसे एम्स पटना स्थानांतरण कर दिया गया। बच्ची 8.30 बजे एम्स पटना पहुंची और प्लास्टिक सर्जरी टीम ने पुनर्रोपण करने का फैसला लिया। एनेस्थीसिया टीम ने तुरंत मरीज को शल्य-चिकित्सा कक्ष में लिया और ऑर्थो टीम ने सबसे पहले हड्डी को जोड़कर और प्लास्टिक सर्जरी टीम ने पहली रक्त वाहिका को जोड़कर रात लगभग 10 बजे कटे हुए हिस्से में रक्त का प्रवाह को बहाल कर दिया। दो धमनी, दो शिराओं, दो तंत्रिकाओं, फ्लेक्सर पहलू पर 9 टेंडन और एक्सटेंसर पहलू पर 8 टेंडन को जोड़ने की सर्जरी अगले 7 घंटे तक चली। 7 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह के नेतृत्व में डॉ अंसारुल, डॉ श्रेयोसी, डॉ वरुण और नर्सिंग स्टाफ कमल पटेल के साथ प्लास्टिक सर्जरी टीम हाथ की हर संरचना को फिर से जोड़ने में सक्षम रही। मरीज को आईसीयू में रक्त चढ़ाने और नियमित ड्रेसिंग के साथ निगरानी की गई और आखिरकार 14वें बिना किसी जटिलता के छुट्टी दे दी गई। हाथ में हरकत और अनुभूति वापस आने में कुछ महीने लगेंगे। इस अनुकरणीय सफल सर्जरी पर कार्यकारी निदेशक डॉ. जी के पाल ने एम्स पटना में प्लास्टिक सर्जरी और एनेस्थीसिया की पूरी टीम को बधाई दी।

# पननि के पार्षदों ने विजय समारोह आयोजित कर मनाई खुशी

## पटना हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव रद्द करने की याचिका को किया था खारिज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




पटना उच्च न्यायालय के द्वारा वर्ष 2022 में हुए नगर निगम, नगर परिषद व नगर पंचायत चुनाव को रद्द करने के लिए दायर याचिका को रद्द कर दिया है। यह आदेश 31 जनवरी, 24 को आया था। इसमें मेयर काउंसिल आफ बिहार के अध्यक्ष के रूप में पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने मामले में लीड किया।उन्होंने मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और बिहारशरीफ के तीन मेयर को अधिकृत कर इस मामले में इंटरवेन बनाया। मुकदमा लड़ने का सारा खर्च महापौर सीता साहू के द्वारा वहन किया गया। दरअसल वर्ष 2022 में हुए पटना नगर निगम के अलावा अन्य निकाय के चुनाव के बाद जीते जनप्रतिनिधियों में इस बात को लेकर शंका धर गई थी कि कहीं कोर्ट के द्वारा चुनाव को निरस्त कर दिया गया, तो दोबारा से चुनाव मैदान में जाना पड़ेगा। यह तलवार चुनाव जीते वार्ड पार्षदों पर लटका हुआ था। इस संबंध में पटना नगर निगम के सशक्त अस्थायी समिति के सदस्य इंद्रदीप चंद्रवंशी, डॉ आशीष कुमार सिन्हा, विनोद कुमार एवं मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार ने कहा कि अंततः पटना उच्च न्यायालय का आदेश आ गया। इसके बाद चुनाव जीते जनप्रतिनिधियों ने राहत की सांस ली है। इसी के बाद हम सबों की मुखिया महापौर श्रीमती सीता साहू के द्वारा महाराजगंज स्थित तैलिक उत्सव हॉल में प्रीतिभोज का आयोजन खुशी मनाने को किया गया था। यहां मेयर के अलावा ड्यूटी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, किरण मेहता, तारा देवी, नीलम कुमारी, संजीत बबलू, जीत कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, कैलाश यादव, दीपा रानी खान, सुशीला कुमारी, कांति देवी, तरुणा राय, सुनीता देवी, महापौर की बहू सह पार्षद श्वेता कुमारी, अंजली राय, विनय कुमार बाला, बलराम मंडल आदि पार्षदगण मौजूद थे। इस आयोजन में पूर्व महापौर अफजल इमाम विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने सभी पार्षदों के साथ ही मेयर सीता साहू के नेतृत्व क्षमता और हाईकोर्ट में पुरजोर तरीके से वकालतन बात रखने और उक्त याचिका को खारिज कराने पर बधाई दी।

# किसानों की समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा समाधान : विजय

## कृषि मंत्री विजय सिन्हा ने विभाग का संभाला कार्यभार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को विभागीय कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग का कार्यभार ग्रहण किया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल पुष्प गुच्छ देकर उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री का स्वागत किया। कृषि मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिया जायेगा। किसानों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। साथ ही, किसानों के हित में कार्यान्वित की जा रही सरकार की योजनाओं को समय से जमीन पर उतारा जायेगा। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की लगभग 76 प्रतिशत आबादी की आजीविका कृषि पर आधारित है। कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। राज्य के जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 19 प्रतिशत है। इसलिए बिहार के विकास के लिए कृषि का विकास सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता राज्य में कृषि के विकास के लिए चलायी जा रही कृषि रोड मैप की कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को और भी प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से जमीन पर उतारने का कार्य किया जायेगा। किसानों को समय पर खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद, कीटनाशी, दवा, कृषि यंत्र आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। कृषि को एक लाभकारी उद्यम बनाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। राज्य के किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए अधिक-से-अधिक मूल्य दिलाने की दिशा में कार्य किया जायेगा ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। कृषि के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएँ है। विशेषकर फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अधिक-से-अधिक रोजगार के अवसर सृजित किये जा सकते है। इसके लिये प्रभावी कार्यक्रम बनाये जायेंगे। हर खेत के लिए सिंचाई का पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के हित में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बिहार के किसानों को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार किसानों एवं कृषि विकास के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। किसान सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अभी तक बिहार के 83 लाख से अधिक किसानों को 17 हजार करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में भेजी गयी है। इस अवसर पर कृषि निदेशक डॉ आलोक रंजन घोष, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# केन्द्रीय मंत्री गडकरी से मिले सांसद रामकृपाल यादव

## एनएच 98/139 को कनपा तक विस्तार करने का किया आग्रह



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पाटलिपुत्रा के सांसद रामकृपाल यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र में सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों को लेकर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात की। सांसद ने केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया कि पटना मुख्य नहर के उतरी छोर पर एमओआरटीएच द्वारा एम्स गोलंबर, भूसौला नहर से नौबतपुर तक निमाणार्धीन सड़क को एन एच 98/139 के कनपा तक विस्तारित कर निर्माण किया जाय। सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को इस संबंध में पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि निर्माणधीन सड़क पटना एम्स गोलंबर से रामनगर कन्हौली 6 लेन सड़क को जोड़ती है। यह सड़क एन एच 98/139 के समानांतर भी बन रही है। अभी दक्षिण बिहार से सभी छोटी गाडियां एन एच 98/139 के कनपा से नहर के दक्षिणी छोर पर बनी सड़क से एम्स गोलंबर पहुंचती हैं। इस पर काफी ट्रैफिक लोड है। अगर निर्माणधीन सड़क को एन एच 98/139 के कनपा तक विस्तारित नहीं किया गया तो नहर के उतरी छोर पर एमओआरटीएच द्वारा बनाए जा रहे सड़क का कोई विशेष फायदा नहीं होगा। इस सड़क के बनने से एन एच 98/139 के कनपा से एम्स गोलंबर तक ट्रैफिक लोड काफी घटेगा। नौबतपुर लख पर हमेशा लगने वाले भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी। गंभीरता को देखते हुए वर्तमान और भविष्य में होने वाली भीषण जाम की समस्या से पटना वासियों को मुक्त करने हेतु एमओआरटीएच द्वारा पटना मुख्य नहर के उतरी छोर पर निर्माणधीन एम्स गोलंबर भुसौला से नौबतपुर सड़क को एन एच 98/139 के कनपा तक विस्तारित किया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की पोल खोल कर रख दी : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी द्वारा की गई धोखाधड़ी पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की कठोर टिप्पणी ने बीजेपी की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति घोर उपेक्षा को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। हालात इतनी बदत्तर हैं कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को कहना पड़ा कि हम इस तरह लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास कर रही है, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें उठना होगा। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक हित साधने के लिए कर रही है ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के टिप्पणी काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने राजनीतिक दुश्मनों एवं विपक्षी दलों को तंग और तबाह करने के लिए खुले आम ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। अब तो निर्वाचन आयोग भी केंद्र सरकार की कठपुतली की तरह कार्य करने लगा है। जब एक मेयर के चुनाव में निवार्ची पदाधिकारी विपक्ष के आठ आठ वोट को निरस्त कर सकते हैं तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए निर्वाचन आयोग किसी भी स्तर पर जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का किये जा रहे इस्तेमाल के खिलाफ लोगों को एकजुट होना होगा।

# इंडी गठबंधन में आपसी सिरफुटौव्वल शुरू : जदयू



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडी एलायंस से निकलने से इस गठबंधन में मची भगदड़ अभी भी थमने का नाम तक नहीं ले रही। अब यूपी में जयंत चैधरी के भी इस गठबंधन को टाटा करने की खबरें आ रही हैं। हालातों से ऐसा प्रतीत होता है कि राजद-कांग्रेस को छोड़कर अंत में इस गठबंधन में कोई टिकने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि हकीकत में इंडी गठबन्धन के सभी दलों में आपस में जबर्दस्त प्रतिद्वन्दिता है। नीतीश कुमार के कारण ही अभी तक यह सब दल शांत थे, लेकिन कांग्रेसी घमंड के कारण उनके हटते ही इनका आपसी सिरफुटौव्वल फिर से शुरू हो गयी है, जिससे सबसे अधिक दुर्गति कांग्रेस की हो रही है। हालात ऐसे हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी उन्हें दो सीटों से अधिक देने को तैयार नहीं है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं, सपा के नेता उत्तरप्रदेश में उनका माखौल उड़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दूसरी तरफ केरल में कांग्रेसी कार्यकताओं की हत्या के आरोप उनके ही सहयोगी वामदलों पर लग रहे हैं। यह मामले दिखाते हैं कि इनका एलायंस सिर्फ नाम का है काम का नहीं। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में इंडी एलायंस अब राजद-कांग्रेस प्राइवेट लिमिटेड बन कर रह गया है। परिवारवाद के पर्याय बने यह दोनों दल इस चुनाव में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। दोनों दलों की एकमात्र विचारधारा अपने प्रमुख परिवारों को शाही जीवन का सुख देते रहना है। दोनों के प्रमुख परिवारों का मुख्य पेशा राजनीति है और दोनों के युवराजों का भविष्य अधर में लटका है।

# आनेवाली पीढ़ियों को लोकतंत्र के प्रति सजग होने की जरूरत : जगदानंद

## युवा राजद का चौपाल कार्यक्रम 28 फरवरी को : राजेश



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रधान महासचिवों एवं सोशल मीडिया प्रभारियों को संबोधित करते हुए राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि नागरिक के पास वह ताकत है कि किसी को भी प्रधानमंत्री बनाती और हटाती है। लेकिन आज केन्द्र की सत्ता में बैठे लोग स्वयं अपने स्तर से सत्ता में आने का दावा कर रहे हैं, जबकि जनता के वोट से ही कोई भी सरकार बनती है, ये कहीं न कहीं लोकतंत्र का अनादर है। कहा कि आने वाली पीढ़ियो को ये समझना होगा कि हम अपने दायित्वों और पुरखों के विरासत के साथ मजबूती से आगे बढ़ें अन्यथा लोकतंत्र मुश्किल में पड़ जायेगा। युवा राष्ट्रीय जनता दल 28 फरवरी को पटना में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश, जिला, प्रखंड, पंचायत और नगर अध्यक्षों की राज्य स्तरीय ग्राम चौपाल बैठक पटना के बापू सभागार में आयोजित की गई है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश राजद के अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण भाग लेंगे। बैठक के बाद इस अवसर पर युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के साथ संयुक्त रूप संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कि 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों को पूरा करते हुए महागठबंधन कि सरकार ने जो कार्य किये हैं, वह 17 साल में एनडीए सरकार ने नहीं किया। नेताओं ने आगे बताया कि युवा राजद की ओर से डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि से अब तक बिहार में लगातार ग्राम चौपाल के माध्यम से केन्द्र सरकार से देश भर में जातीय गणना कराये जाने की मांग, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, एवं नई शिक्षा नीति के विरोध मे तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों तथा राष्ट्रीय जनता दल के मैनिफेस्टो के आधार पर किये गये कार्यों को आमजनों तक ले जाने के लिए ग्राम चौपाल के माध्यम से युवाओं को बताया गया है।

# लोस चुनाव में एनडीए गठबंधन की होगी एतिहासिक जीत:उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



● कहा-एनडीए को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है विपक्ष

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि देश का मौजूदा विपक्ष एनडीए गठबंधन को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जनता को गरीबी से मुक्ति दिलाने और भारत को विकसित देश बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना या कोई नीति नहीं है, जिसे जनता के बीच वो रख सकें। वो केवल नकारात्मक प्रचार, झूठ और तुष्टीकरण के सहारे मतदाताओं को झांसे में लाने की मंशा पाले हुए हैं लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं होगी। क्योंकि देश की जागरूक जनता पुनः भ्रष्टाचारियों एवं परिवादी पार्टियों पर भरोसा करने के मूड में नहीं है। बड़ी मशक्कत से देश इनके चंगुल से बाहर निकला है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने आगे कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दलों में एक दूसरे के प्रति ही घोर अविश्वास का भाव पनप चुका है। गठबंधन में रहते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीते दिनों स्वयं इस बात को कहा कि काँग्रेस पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी, वहीं दूसरी ओर बिना सीट बंटवारे के समाजवादी पार्टी ने उप्र में अपने उमीदवारों का ऐलान कर दिया। आम आदमी पार्टी तो पंजाब और दिल्ली में काँग्रेस को सीट देने के लिए राजी तक नहीं है। पश्चिमी उ.प्र. की राजनीति में खास प्रभाव रखने वाले जयंत चौधरी का भी काँग्रेस और सपा से मोह भंग हो चुका है।

साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष में आत्मविश्वास का अभाव है और चुनाव से पहले ये अपनी हार स्वीकार चूकें है। आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन आसान और एतिहासिक जीत दर्ज करेगी। दूर-दूर तक एनडीए के लिए कहीं कोई चुनौती नहीं है।

# साजिश के तहत रामबली सिंह को हटाया गया : ललन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने राजद को अतिपिछड़ा विरोधी बताया है। कहा कि 1990 के दशक में लालू जी अतिपिछड़ा तथा दबे कुचले के आवाज थे, लेकिन 2015 के दशक में परिवार मोह में सामंती विचारधारा के पोषक बन गये। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि राजद नही चाहता है कि अतिपिछड़ा समाज से कोई नेता लोकप्रिय बने। राजद के अतिपिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष तथा बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रो रामबली सिंह ने अतिपिछड़ा समाज के लिए आवाज उठाने की कोशिश की। इस पर राजद को नगवारा लगा और एक साजिश के तहत प्रो रामबली सिंह को पार्टी के अलावे बिहार विधान परिषद की सदस्यता से हमेशा के लिए बाहर रास्ता दिखा दिया। आगे प्रवक्ता ने कहा कि प्रो रामबली के पहले भी दबंग जाति के विधायक भी इससे बड़ी गलतियाँ कर चुके हैं लेकिन उन सदस्यों को कुछ नहीं हुआ कमजोर जाति के कारण प्रो रामबली को निशाना बनाया गया।

# सुपर 30 के आनंद कुमार को यूएई का गोल्डन वीजा मिला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार को यूएई का गोल्डन वीजा मिला है। यूएई द्वारा 2019 में पेश किया गया सम्मानित गोल्डन वीजा, स्वतंत्र जीवन में और अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को दिया जाता है। विज्ञान के साथ संस्कृति और कला क्षेत्र के रचनात्मक लोगों को भी गोल्डन वीजा दिया जाता है। गोल्डन वीजा केवल सरकार के अधिकारियों द्वारा नामित लोगों को ही दिया जाता है। गोल्डन वीजा मिलने के बाद आनंद कुमार ने कहा कि गोल्डन वीजा प्राप्त करना सम्मान की बात है। मैं इसके लिए अधिकारियों का आभारी हूं। आनंद कुमार कई बार शिक्षा कार्य के निमंत्रण पर संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर चुके हैं। शैक्षणिक क्षेत्र से गोल्डन वीजा प्राप्त करने वालों की संख्या बहुत कम है, इसमें अब आनंद शामिल हो गए हैं। अब तक शाहरुख खान, संजय दत्त, बोनी कपूर, रणवीर सिंह, कमल हासन को यह वीजा मिल चुका है।

# परीक्षा के खिलाफ आंदोलन की तैयारी में नियोजित शिक्षक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नियोजित शिक्षक अपनी मांगों को लेकर फिर से सरकार के सामने खड़े हैं। नियोजित शिक्षकों का कहना है कि वे करीब 20 साल स्कूलों में सेवा दे चुके हैं, इतने दिन सेवा देने के बाद भी उनकी परीक्षा ली जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि पहले एक निम्न परीक्षा की बात की बात की गई थी और अब ऑनलाइन परीक्षा ली जा रही है। इस बीच, शिक्षा विभाग ने एक आदेश निकाल दिया कि सक्षमता परीक्षा में तीन बार असफल रहने वाले शिक्षकों को सेवा से हटा दिया जाएगा। अब ये शिक्षक सक्षमता परीक्षा के वहिष्कार को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। बिहार के कई जिलों में इस परीक्षा के विरोध में शिक्षक सड़क पर उतरने की तैयारी में हैं। इस बीच, नियोजित शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है और वे खुद भी इस संबंध में शिक्षा मंत्री से बात करेंगे। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने साफ कहा कि विभाग ने हड़ताल पर जाने वाले शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है, जबकि यह संवैधानिक अधिकार है। नियोजित शिक्षक अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी को बिहार विधानसभा का घेराव करने पटना पहुंचेंगे। नियोजित शिक्षकों की संख्या 3.50 लाख से ज्यादा है। इनकी प्रमुख मांगों में सक्षमता परीक्षा नहीं हो, अगर हो तो ऑफ लाइन हो, परीक्षा में तीन बार असफल नियोजित शिक्षकों को भी अपने पद पर बने रहने दिया जाए तथा ऐच्छिक स्थानांतरण की व्यवस्था शामिल है।

# जन सुराज के प्रति जनता हो रही लामबंद : संजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा है कि बिहार की जनता आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर इन सभी दलबदलुओं से बिहार को बचाएगी। इन दलों ने सत्ता हथियाने के चक्कर में बिहार को रसातल में पहुंचा दिया है। इन दलों के नेताओं को केवल अपनी कुर्सी की चिंता है, बिहारियों की चिंता रत्ती भर नहीं है। उन्होंने कहा है कि दुनिया जानती है कि देश व प्रदेश में सिद्धांतविहीन राजनीति हो रही है। एक दूसरे के खिलाफ जहर उगलने वाले पलटी मार रहे हैं। सत्ता की लालच के आगे नीति सिद्धांत का कोई वजूद नहीं रह गया है। जनता सब देख रही है और ठगा महसूस कर रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि जनसुराज छोड़ सभी दलों की यथावत स्थिति है। इन दलों और नेताओं ने जनता को बेवकूफ बनाया है जिसका जबाब आगामी विधानसभा चुनाव में सभी बिहारी अपने वोट की चोट से देंगे और इन सभी दलबदलुओं की मिट्टी पलीद कर प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज की सरकार बनायेंगे। श्री ठाकुर ने कहा है कि भाजपा, जदयू, कांग्रेस और राजद को कभी बिहार के विकास की चिंता नहीं रही। शिक्षा व्यवस्था चौपट है, बेरोजगारी से बिहार के युवा त्रस्त हैं, खेती किसानी घाटे का कारोबार बना हुआ है और रोजगार के अभाव में लोगों का दूसरे प्रदेशों में पलायन निरंतर जारी है। इन नेताओं और दलों को इसकी चिंता नहीं है, बल्कि सत्ता की हेराफेरी और कुर्सी की चिंता है। उन्होंने कहा है प्रशांत किशोर का कुशल नेतृत्व बिहार की आवश्यकता बन गई है। सभी को जनता देख चुकी है और अब जन सुराज पर भरोसा है। जन सुराज और उसके प्रणेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में ही बिहार और बिहारियों का कायाकल्प संभव है।

# कांग्रेस के लिए 40 सीटें भी जीत पाना मुश्किल : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इंडिया एलाइंस पर हमला बोला है। श्री चिराग ने कहा कि इंडिया अलायंस के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस के प्रति घटक दलों का जिस प्रकार अविश्वास बढ़ रहा है, उससे साफ जाहिर है कि उनको चुनौती अपने साथियों से ही मिल रही है। इसलिए कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव में इसबार 40 सीटें भी जीत पाना यकीनन मुश्किल होगा। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस ऑल टाइम लो पर जाएगी। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

# एनडीए के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं : भाजपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में जदयू और बीजेपी के गठबंधन को बिहार की जनता ने जनादेश दिया था और वही सरकार फिर से कायम हुई है। महागठबंधन के तमाम नेता अपने मन से इस बात को निकाल लें कि अब यह गठबंधन टूटने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2020 वाला गठबंधन फिर से संगठित हुआ है और यह सरकार बहुत ही मजबूती के साथ आने वाले समय में बिहार का विकास करेगी और इसी गठबंधन के तहत लोकसभा का चुनाव और आने वाले समय में विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। मनोज शर्मा ने कहा कि जो लोग यह भ्रम पाल रहे हैं कि बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के समय खेला करेंगे तो, वह पहले अपने गिरेबान में झांक ले। एनडीए के विधायक एकजुट हैं, एक साथ हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्य करने की क्षमता पर विश्वास करते हैं, उनके नेतृत्व पर विश्वास करते हैं, ऐसी स्थिति में एनडीए की सरकार विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत हासिल करेगी और एनडीए के सभी घटक दल मिलकर बिहार का विकास करेंगे। श्री शर्मा ने कहा एनडीए घटक दल में भाजपा, जदयू और हम पार्टी के विधायक शामिल हैं।

# महाप्रबंधक खंडेलवाल ने निर्माणाधीन नये पुल का किया निरीक्षण

## महाप्रबंधक ने शाहपुर पटोरी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का किया मुआयना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने बुधवार को सोनपुर मंडल के हाजीपुर-बरौनी रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शाहपुर पटोरी एवं बरौनी स्टेशनों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने राजेन्द्रपुल के समानांतर बनाये जा रहे पुल का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सबसे पहले शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। उन्होंने स्टेशन के पैनल रुम का भी निरीक्षण किया तथा ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शाहपुर पटोरी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का गहन मुआयना किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले क्रम में महाप्रबंधक ने बरौनी स्टेशन पर यात्री सुविधा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का मुआयना किया तथा बरौनी स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बरौनी जं. के नॉर्थ साइड के न्यू यूटीएस काउंटर का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर चल रहे यूटीएस काउंटर को और ज्यादा पैसेंजर फ्रेंडली बनाने और आगे शेड का विस्तार करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय द्वारा बरौनी स्टेशन पर अल्ट्रासोनिक डबल रेल टेस्टर मशीन का अवलोकन किया गया तथा उन्होंने मशीन को ऑपरेट कर रहे कर्मचारियों की कार्य कुशलता को भी परखा। अपने इस निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक महोदय ने बरौनी स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के रिफायनरी के महाप्रबंधक से भी मुलाकात की और उनके साथ एक बैठक की। बैठक में महाप्रबंधक ने आईओसीएल को रेलवे द्वारा सभी तरह के सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आईओसीएल को पेट्रोलियम की ढुलाई हेतु जितनी भी रैक की आवश्यकता होगी रेलवे उतनी रैक उपलब्ध करायेगी। बैठक के उपरांत महाप्रबंधक ने रिफाइनरी के अंदर घूमकर आयल रिफाइनरी की प्रक्रिया को भी देखा। निरीक्षण के अगले क्रम में महाप्रबंधक ने राजेंद्र पुल स्टेशन एवं हाथीदह स्टेशन के मध्य राजेंद्र पुल के समानांतर निमाणार्धीन नए रेल पुल का गहन निरीक्षण किया एवं निर्माण कंपनी को आवश्यक निर्देश दिए।

# मुख्यालय में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में बुधवार को को हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का विषय था भारतीय रेल का आधुनिकीकरण। इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उभय रंजन, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक ने इस प्रतियोगिता के नियम व पुरस्कार के संबंध में जानकारी दी एवं कहा कि इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व 03 प्रेरणा पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी, पूमरे/हाजीपुर ने भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में भंडार विभाग के निजी सचिव, शंभु कुमार ने प्रथम स्थान, कार्मिक विभाग के प्रवर लिपिक, धीरज अभिमान ने द्वितीय स्थान, निर्माण/पटना के मुख्य विधि सहायक, रमेश कुमार मिश्र ने तृतीय स्थान, लेखा विभाग के अवर लेखा सहायक अमरनाथ चौधरी ने प्रेरणा स्थान, सुरक्षा विभाग के सहायक उप निरीक्षक ललित कुमार झा ने प्रेरणा स्थान व इंजीनियरी विभाग के निजी सचिव नवीन कुमार ने प्रेरणा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर सिंह, वरिष्ठ अनुवादक व धन्यवाद ज्ञापन विनय कृष्ण, वरि. अनुवादक द्वारा किया गया।

# एनडीए सरकार आसानी से सदन में बहुमत साबित कर लेगी : कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। 12 फरवरी को नई एनडीए सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। जिसको लेकर एनडीए गठबंधन और महागठबंधन में ठन गई है। एनडीए का दावा है कि वह बहुमत साबित कर अपनी सरकार बना लेगी। वहीं राजद-कांग्रेस का कहना है कि फ्लोर टेस्ट के दिन भी बिहार में खेला होगा और एनडीए सरकार अपनी बहुमत साबित नहीं कर पाएगी। वहीं इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और रालोजद प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फ्लोर टेस्ट को लेकर कहा कि, फ्लोर टेस्ट पास करने के लिए एनडीए के सामने कोई अड़चन नहीं है। एनडीए सरकार 100 फीसदी अपनी बहुमत साबित कर लेगी। कहीं कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि, एनडीए सरकार के पास जरुरत से ज्यादा और आवश्कता से अधिक बहुमत है। सरकार के पास बहुमत के आंकड़े से ज्यादा संख्या है। वहीं राजद को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि, राजद भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। कथित महागठबंधन के कई विधायक इधर-उधर संपर्क में हैं। एनडीए में किसी तरह की कोई टूट नहीं है। कांग्रेस राजद के कई नेता विधायक एनडीए के संपर्क में है। मालूम हो कि बिहार कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है। सभी विधायक फ्लोर टेस्ट के दिन बिहार आएंगे। 12 फरवरी को एनडीए सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। जानकारी अनुसार उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं, और सीएम नीतीश भी आज से दो दिनों के लिए दिल्ली दौरे पर हैं। जिसको लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि,सीएम इस कारण दिल्ली जा रहे है, उनका मकसद क्या है यह उन्हें नहीं पता। उन्होंने कहा कि, मेरी यात्रा समान्य यात्रा है। इसका कोई राजनीति पहलु नहीं है। दिल्ली में हमारी मुलाकात पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से होगी लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि सीट शेयरिंग या किसी राजनीति कारणवश यह मुलाकात होगी।

# महिलाओं के सवाल पर 12 फरवरी को विधान सभा के समक्ष ऐपवा करेगी प्रदर्शन

**प्रात : किरण संवाददाता**



मुजफ्फरपुर ।अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की बैठक हरिसभा चौक स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में 12फरवरी को पटना में विधान सभा के सामने महिलाओं के लिए न्याय, अधिकार, रोजगार व सुरक्षा के सवाल पर ऐपवा के राज्यस्तरीय प्रदर्शन की तैयारी शहर से गांव तक करने तथा सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी कराने की योजना बनाई गई। बैठक में ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी, राज्य उपाध्यक्ष रानी प्रसाद, जिला अध्यक्ष शारदा देवी, जिला सचिव शमीर्ला देवी, प्रो मीरा ठाकुर, चिंता देवी, सुनैना देवी,उर्मिला देवी सहित विद्यालय रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका तथा अन्य महिलाएं शामिल थीं।

ऐपवा महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि 12 फरवरी को विधान सभा पर प्रदर्शन कर सरकार से रसोई गैस की कीमत प्रति सिलेंडर 450 तय करने, विधवा, वृद्धा, विकलांग एवं एकल महिलाओं को 3000 प्रति माह पेंशन देने की गारंटी करने, लड़कियों के लिए गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा तथा पी जी तक मुफ्त शिक्षा करने, महिलाओं के लिए रोजगार की गारंटी करने, हर पंचायत में सरकारी अस्पताल बनाने, आशा, ममता, आंगनबाड़ी, रसोईया, जीविका समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 18000 मानदेय देने की मांगों को जोरदार तरीके से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान मोदी सरकार से महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने, महिला आरक्षण कानून ( ओबीसी, ईबीसी, अल्पसंख्यक, दलित महिला को विशेष आरक्षण के साथ) 2024 के चुनाव में लागू करने, महिला समूह की सभी महिलाओं के लिए रोजगार का प्रबंध करने, महिलाओं को कर्ज के फंदे से मुक्ति की व्यवस्था करने तथा दहेज उत्पीड़न, अंधविश्वास, रूढ़िवाद से मुक्ति की व्यवस्था करने के लिए भी विशेष जोर दिया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए ऐपवा महासचिव मीना तिवारी ने आगे कहा कि मोदी सरकार की गारंटी में महिलाओं के न्याय और अधिकार की नहीं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और राम रहीम जैसे बलात्कारियों-हत्यारों के बचाव और संरक्षण की गारंटी हो रही है। सस्ती रसोई गैस की गारंटी नहीं जिसके कारण फुलवारी में गोईठा खरीदने निकली मासूम बच्चियां बलात्कार और हत्या की शिकार बन रही हैं। महंगाई पर रोक, मुफ्त स्वास्थ्य और रोजगार की गारंटी के बदले मोदी सरकार कंपनियों को फायदा पहुंचाने में जुटी हुई है।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कपूरी ठाकुर के नाम पर राजनीति करने की कोशिश में लगी नीतीश जी- मोदी जी की जोड़ी इस बात का जवाब क्यों नहीं देती कि लगभग 46 साल पहले कपूरी ठाकुर ने मैट्रिक तक शिक्षा मुफ्त कर दी थी, लेकिन आज उच्च शिक्षा मुफ्त करने के बदले महंगा किया जा रहा है? सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के संघर्ष को याद करते हुए हम जानते हैं कि आवाज उठाएं बगैर हमारे हक की गारंटी नहीं हो सकती। इसीलिए , हजारों की संख्या में एकजुट होकर हम हर तबके की महिलाएं-लड़कियां पटना पहुंच कर सरकार के सामने अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# दाखिल खारिज के लंबित मामले का निष्पादन नहीं करने पर 50 हजार का जुर्माना : डीएम

**प्रात : किरण संवाददाता**



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आज प्रखण्ड भ्रमण क्रम में बोचहा बंदरा और गायघाट प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अंचल कार्यालय में लंबित दाखिल खारिज मामले को अविलंब इस माह के अंत तक निष्पादन करने का निर्देश दिया । अन्यथा सख्त कार्रवाई करते हुए 50हजार की जुमार्ना राशि भी लगाई जा सकती है।बैकलॉग मामले में नोटिस निर्गत कर नियमानुसार कार्यवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। गायघाट ।अंचल में दाखिल खारिज और भूमिहीन परिवारों के बीच वास योग्य भूमि उपलब्ध कराने में काफी दयनीय स्थिति रहने पर अंचलाधिकारी पर कारवाई करने का निदेश दिया गया।मुख्यमंत्री आवास योजना पर विशेष निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आवास योजना की स्वीकृति उपरांत लाभुकों को राशि आवंटित करते हुए आवास निर्माण करना सुनिश्चित करे ।रोकड़ पंजी को भी अद्यतन करने का निर्देश सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों को दिया गया। अंचल कार्यालय का कैश बुक को तीन दिनों में अद्यतन करने का निदेष दिया गया। इस अवसर पर संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# किसान मोर्चा की बैठक में हड़ताल को सफल बनाने का लिया निर्णय



**प्रात : किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर । संयुक्त किसान मोर्चों की जिला कार्यकारिणी की बैठक मोतीझील स्थित जिला कार्यालय में मदन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहुत 16 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश आज नाजुक दौड़ से गुजर रहा है। फासीवादी मोदी सरकार लगातार किसानों, मजदूरों,गरीबों व आम जनता के हर तरह के अधिकारों पर हमला कर रही है। दमनात्मक रवैया अपना रही है। सांप्रदायिक तानाशाही शासन लागू कर रही है। देशी-विदेशी पूंजीपतियों के पक्ष में खड़ी है। देश के सभी संसाधनों को कॉर्पोरेटो के हाथों में सौंप रही है। आज खेती, रोजगार, जीविका संसाधनों को बचाने का सवाल बन गया है। इस सवाल पर लगातार संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा संघर्ष किया जा रहा है। जिसकी मोदी व बिहार की सरकार अनदेखी कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि एमएसपी कानून बनाने, मंडी को चालू करने, खाद सुरक्षा की रक्षा, चार लेबर कोड की समाप्ति, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किये जाने, किसानों को सस्ते दर पर खाद-बीज, कीटनाशक दवा देने, बटाईदार किसानों का निबंधन करने और उन्हें सभी सुविधा देने आदि सवालों पर 16 फरवरी के हड़ताल को छात्रों, नौजवानों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों से आह्वान करते हैं कि इसे सफल बनावे । बैठक में रूदल राम एआइकेएमएस, काशीनाथ साहनी एआइकेकेएमएस ,चंदेश्वर चौधरी बिहार राज्य किसान सभा, प्रमानंद पाठक एआइकेएम नंदकिशोर तिवारी एआइकेएफ ,मदन प्रसाद एआइकेएफ एवं दिनेश दास आइएफटीयू उपस्थित थे। बंद की पूर्व संध्या पर 14 फरवरी 2024 को मशाल जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया।

# आज के समय में सोशल मीडिया ही ताकत है और समय ही पैसा है : हिमांशु सिंह

**प्रात : किरण संवाददाता**



समस्तीपुर। समस्तीपुर के बहादुरपुर अरमौली गांव के हिमांशु कुमार सिंह ( 26 वर्ष) ने अपनी शुरूआत 2014 में की जब बहुत से लोग इंटरनेट को केवल मनोरंजन के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन इन्होने सोशल मीडिया पर अपनी अलग ही पहचान बनाने में लगे थे। एक छोटे से फेसबुक पेज से शुरूआत कर आज 100 मिलियन से ज्यादा ऑडियंस तक फेसबुक और इंस्टाग्राम मीडिया के जरिए पहुंच चुके हैं। हिमांशु वेब डिजाइनर हैं और अभी तक काफी वेबसाइट्स बना चुके हैं। इनका कहना है कि आज के समय में सोशल मीडिया ही ताकत है, जबकि समय ही पैसा है।

हिमांशु भारत के सबसे अच्छे प्रतिष्ठान एमिटी यूनिवर्सिटी नॉएडा से एमटेक की डिग्री ले चुके है। इन्होने एक स्टार्टप बनाया जो की कालिकाहोस्ट प्राइवेट लिमिटेड आज के नाम से जाना जाता है हिमांशु का कहना है आने वाले टाइम मै कालिकाहोस्ट प्राइवेट लिमिटेड को एक बड़ी कंपनी बनायेगे और हजारों लोगों को इससे रोजगार मिलेगा। हिमांशु कहते हैं कि इनको शुरूआत में पता नहीं था की इनको इस फील्ड में इतनी सफलता मिलेगी। लेकिन इनकी मेहनत और लगन से आज एक अच्छे मुकाम पे है और साथ साथ पैसा कमाना भी शुरू कर दिय हैं। अपने स्कूल की शिक्षा के साथ ही घर पर से ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्रैफिक मैनेजमेंट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, पर्सनल ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग के बारे में पढ़ाई करके जानकारी हासिल की। अपनी मेहनत और लगन के बलबूते पर बहुत जल्द ही वह एक सफल कंटेंट क्रिएटर बन गए। इतना ही नहीं इन्होने शेयर मार्केट और किप्टोकैरेंसी को भी करीब से समझा और इसके जरिए खुद की आर्थिक तौर पर मजबूत करने में मदद ली। हिमांशु आज 50 से ज्यादा फेसबुक पेज रन कर रहे हैं।

हिमांशु ने सारे फेसबुक पेज को जब शुरू किया था, तब दिन रात मेहनत कर बॉलीवुड एक्टर-एक्ट्रेस से लेकर जोक्स, फेसबुक पेज बनाने शुरू किए थे। इनको बिलकुल अंदाजा नहीं था की आने वाले समय में उनका कंटेंट लोगों को इतना पसंद आने लगेगा। इतना ही नहीं इनके वेबसाइट गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म पर दर्ज है। रोजाना लाखों लोग दोनों के कंटेंट को पसंद करते हैं। इसके लिए आज 11 लोगों को घर बैठे रोजगार भी दिया है जो कंटेंट राइटिंग से लेकर वेब डेवलपमेंट का काम करते हैं। हिमांशु का सारा पैसा गूगल और फेसबुक यूएसडी में पेमेंट करता है। इनका पहला पेमेंट 101 डॉलर का 2017 में आया था, आज इनकी कमाई हजारो डॉलर में है।

हिमांशु का इंटरव्यू बिहार के जानेमाने पत्रकार निभा सिंह, रमन राही, हिमांशी ठाकुर ले चुके हैं। जिस पर मिलियन में व्यू है। लोगों ने इनके इंटरव्यू को बहुत पसंद किया साथ साथ इनसे प्रेरणा भी ली। हिमांशु मानते है की वो इंजीनियर बनके सिर्फ खुद के लिए नहीं जीना चाहते वो आने वाले समय में बिहार के युवाओ को अच्छी दिशा दिखाएंगे उन्हें सोशल मीडिया और उनसे होने वाले कमाई के बारे में बताएंगे। उनका यही अंदाज लोगों को पसंद आता है, समय समय पे वो लोगों को मदद करते रहते। हिमांशु बहुत जल्द सोशल मीडिया पर होने वाले स्कैम और फ्रॉड से लोगों को अवेयर करवाएंगे जिससे किसी आम आदमी का नुकसान न हो।

# पुलिस हिरासत में बुजुर्ग वारंटी की मौत, परिजनों ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



पुलिस हिरासत में एक बुजुर्ग बंदी की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरायरंजन थाना के झखरा निवासी कृष्णकांत झा उर्फ टूना झा के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उनके विरुद्ध कोर्ट के द्वारा लाल वारंट जारी किया गया था। जिस के बादसरायरंजन पुलिस की टीम मंगलवार की रात गिरफ्तार करने गई थी। परिजनों का कहना है कि मंगलवार की देर रात सरायरंजन पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। उसक एक डेढ़ घंटे के बाद उनके बारे में मौत होने की सूचना दी गई। परिजनों का आरोप है की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस के द्वारा मारपीट की गई थी। पुलिस पकड़ कर ले गयी और जब सूचना मिली तो उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार मृतक पहले से बीमार भी नही थे। किस आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया, इसकी भी जानकारी परिजनों को नही दी गयी। इधर, पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, पोस्टमार्टम के बाद गांव में सब पहुंचते हैं मातमी सन्नाटा पसर गया। हालांकि समस्तीपुर एएसपी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद सरायरंजन थाना अध्यक्ष के द्वारा झखरा निवासी कृष्णकांत झा उर्फ टूना झा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस हिरासत में उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर स्थिति के कारण सदर अस्पताल रेफर किया गया। एएसपी ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन राधा कृष्ण झा के द्वारा आवेदन दिया गया है। इस मामले की जांच की जाएगी। पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सभी बिंदुओं की जांच की जाएगी।

# कोसी पीड़ितों के न्याय के वास्ते सत्याग्रह पदयात्रा विभूतिपुर में रात्रि विश्राम के बाद आगे बढ़ी

## पद यात्रियों ने कोसी पीड़ितों के न्याय का दिया संदेश, लोगों ने किया स्वागत

**विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



कोसी पीड़ितों के न्याय के वास्ते सत्याग्रह पदयात्रा विभूतिपुर के महम्मदपुर सकड़ा स्थित मीना मेमोरियल स्कूल में रात्री विश्राम के बाद बुधवार की सुबह आगे की बढ़ी। यात्रा शामिल महेन्द्र यादव, इन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि गांधी के रास्ते, कोशी पीड़ितो के न्याय के वास्ते कोशी से पटना तक का यह पदयात्रा 30 जनवरी से आरंभ की गई है। 13 फरवरी को पटना पहुंचकर सत्याग्रह प्रारंभ होगी।

हमलोग यह पदयात्रा प्रमुख मांगो को लेकर शुरू किया है जिसमें कोशी तटबंध के भीतर के कटाव पीड़ितों का सर्वे कराकर बसाने, लापता कोशी पीड़ित को पुनः सक्रिय कर उसे प्रभावी बनाने, भू सर्वे में भ्रष्टाचार रोक लगाते हुए रैयत की जमीन रैयत के नाम रखने, माफी के बावजूद लगान वसूल पर रोक लगाने, लगान मुक्ति कानून, क्लाइमेट चेंज के आने वाली भविष्यवाणियों के मद्देनजर कोशी के समाधान की विज्ञान सम्मत लोक भगीदरी से कराने, अन्य कटाव पीड़ितो के लिए नीति सहित अनेक मांग शामिल है। वहीं मीना मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर अनामिका कुमारी, पूर्व प्राचार्य गणेश प्रसाद यादव, सीताराम राय, रविंद्र कुमार आदि नें पदयात्रियों का स्वागत करते हुए उनकी मांग को जायज बताते हुए यात्रियों का हौंसला बढ़ाया। पदयात्रा में जयप्रकाश कुमार, रजनीश कुमार, सतीश कुमार, रामचंद्र यादव, मनीष कुमार, संदीप कुमार, सिंघेश्वर राय, भीम सदा, प्रियंका कुमारी, बेबी कुमारी, अंजली कुमारी, अरविंद कुमार, राजेंद्र यादव, प्रताप यादव, भागवत पंडित, अर्चना देवी, मनचुन देवी, संजू देवी, गायत्री देवी, मुन्नी देवी, चंद्रमा कुमारी, निरसा कुमारी, मधु कुमारी, निशा कुमारी, बबीता कुमारी, उमेश राय, राजेश कुमार सहित कुल 55 लोग शामिल थे।

# जल श्रमिक संघ की बैठक में लिया गया कई निर्णय

**विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार राज्य जल श्रमिक संघ विभूतिपुर अंचल कमेटी की बैठक बेलसंडी डीह के एक निजी आवास परिसर में संपन्न हुई। अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सहनी कर रहे थे। उच्च न्यायालय पटना के आदेशानुसार 269 सदस्यों को बरकरार रखने पर खुशी जाहिर किया। साथ ही वंचित मछुआरों से अपील किया जो सदस्य बनना चाहते हैं प्रपत्र पांच भरकर समिति के पास जमा करें।

वहीं संयुक्त ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान सभा तथा फेडरेशन के आवाह्न पर 16 फरवरी को आम हड़ताल को सफल बनाने, एवं 10 फरवरी को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन में भागीदारी निभाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के प्रदेश महासचिव राम बालक सहनी, अंचल मंत्री छोटन कुमार सहनी, अंचल अध्यक्ष रंजीत कुमार सहनी, बिनोद प्रसाद सिंह, मिस्टर सहनी, संजीत सहनी, विनोद कुमार सहनी, नारायण सहनी, शिबू सहनी, सुधीर कुमार सहनी, राजकुमार सहनी, हरिंदर सहनी, ननकी सहनी आदि ने भाग लिया।

# यातायात डीएसपी के समक्ष शहर को जाम से निजात दिलाना चुनौती



दरभंगा। कार्यालय दरभंगा के यातायात डीएसपी के रूप में दिवेश ने 4 महीने पूर्व अपना पद भार संभाले फिर भी दरभंगा शहर में जनता की सबसे बड़ी समस्या जाम से निजात दिलाने में अभी तक सफलता हासिल नही कर पाए। जो उनके सामने चुनौती है ।क्योंकि यहां की जनता काफी लंबे अर्से से आस लगाए बैठी है की दरभंगा शहर को कब जाम से निजात मिलेगा ।हलांकि यातायात थाना के द्वारा जगह-जगह पुलिस की तैनाती है परंतु सड़क के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय चलाने वाले एवं अवैध रूप से पार्किंग भी मुख्य कारण बताया जाता है जिसके कारण दरभंगा शहर में आए दिन जाम की समस्या लगी रहती है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कही-कही ऐसा भी देखा जाता है कि यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण भी सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है फिर भी डीएसपी के सामने दरभंगा की जनता को सड़क जाम से निजात दिलाना एक चुनोती है हलांकि यातायात डीएसपी दिवेश ने पदभार संभालने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा था कि लोगों को सड़क पर बेहतर सुविधा देना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। फिर भी यातायात डीएसपी सड़क जाम से निजात दिलाने में अब तक खरे उतर नहीं पाए हैं देखना है कि कब तक यहां की लोग जाम से परेशान रहेंगे और कब लोगों को यातायात डीएसपी के द्वारा आए दिन हो रहे सड़क जाम से मुक्ति दिलाने में सफलता हासिल कर पाते हैं।

# अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद जिला शाखा के द्वारा एक दिवसीय धरना

**प्रात : किरण संवाददाता**



दरभंगा कार्यालय। अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद जिला शाखा दरभंगा की ओर से यूजीसी द्वारा आरक्षण समाप्त करने अनुसूचित जाति की रिक्त सीट पर सभी विश्वविद्यालयों में सामान्य जाति से भरने के खिलाफ एवं अन्य साथ क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर समाहर्यालय के धरना स्थल पोलो मैदान में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया।

वही एक मांग पत्र जिला अधिकारी दरभंगा का ज्ञापन अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद जिला शाखा दरभंगा के तत्वाधान में यूजीसी द्वारा आरक्षण समाप्त करने सहित अन्य क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर दिया गया। यूजीसी भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को आरक्षण समाप्त करने की घोषणा को वापस लिया जाए दूसरा बिहार सरकार द्वारा जनगणना रिपोर्ट के आधार पर,बिहार में दुसाध जाति को दूसरा स्थान दिया गया है उक्त आलोक में सामाजिक राजनीतिक आर्थिक शैक्षिक व्यापारिक आदि सेवाओं में हिस्सेदारी के आधार पर उतनी भागीदारी सुनिश्चित करें,बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री के जन्मदिन पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाए तथा इन्हें दलित समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यो को देखते हुए इन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए संलंघन है।

परिषद के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पासवान के अध्यक्षता में एक सभा हुई जिसमें निम्न व्यक्तियों में सभा को संबोधित करते हुए इस उद्देश्य पर अध्यादेश पर रोज व्यक्त किया गया सभा पति संबोधित करने वाले में मनोज कुमार दास उर्फ राजू जिला युवा अध्यक्ष,सतीश भारती महिला सेल के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदरी देवी,महिला संयोजक कुमारी सुरेश,महिला युवा अध्यक्ष गुंजन पासवान,कार्यालय सहायक नागेंद्र पासवान बहेरी अध्यक्ष राजकुमार पासवान,बहादुरपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रज्ञा पासवान कोर कमेटी सदस्य सुनील कुमार पासवान कोड़ कमेटी सदस्य आकाश कुमार पासवान,चरण दास, रामाशीष राकेश सच्चिदानंद पासवान,विशाल आनंद,शंभू पासवान,बैद्यनाथ पासवान इत्यादि लोग ने सभा को संबोधित किया।

# शिक्षा शास्त्र विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम सह क्रीडा गतिविधियों का आयोजन

**प्रात : किरण संवाददाता**



दरभंगा कार्यालय। शिक्षा शास्त्र विभाग , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शिक्षा शास्त्र विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम सह क्रीडा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक डॉ घनश्याम मिश्र विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम - समन्वयक सह विश्वविद्यालय क्रीडा पदाधिकारी डॉक्टर सुधीर कुमार झा ,डॉ राम नंदन झा ,डॉक्टर अमन कुमार राय,संजीव कुमार , कुंदन कुमार , गोपाल कुमार महतो ,अनामिका कुमारी के साथ विभाग के सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर घनश्याम मिश्रा ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता को केंद्र में रखकर जीवन जीने का मंत्र बताए। इन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है इससे हमारा मन और बुद्धि पवित्र होता है। इस अवसर पर डॉक्टर सुधीर कुमार झा ने स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता के साथ रहने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने खुद की स्वच्छता के साथ-साथ कैंपस की स्वच्छता पर भी बल दिया। उन्होंने छात्रों को खेल गतिविधि को केन्द्र में रखकर अध्ययन करने पर जोर दिया ।इस अवसर पर अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को उत्साहवर्धन किया। शिक्षा शास्त्र विभाग के स्वच्छता कार्यक्रम के साथ खेल गतिविधियों में छात्रों के बीच वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा एवं छात्राओं के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रेफरी श्री पवन साहनी एवं अनामिका कुमारी थी ।कार्यक्रम का संयोजन श्री पवन सहनी के द्वारा किया गया।

# ऑटो मोटरसाइकिल आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**प्रात : किरण संवाददाता**



दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिले के बेनीपुर मुख्य मार्ग पर नार बांध के पास एक मोटरसाइकिल और ऑटो के टक्कर में एक युवक बहादुरपुर थाना क्षेत्र के देकुली चट्टी गांव निवासी रूपेश लाल देव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक सवार दो युवक सुधीर लालदेव और सुमन लाल देव गंभीर रूप से घायल हो गए ,जिसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल पर तीन सवार बेनीपुर से दरभंगा की ओर आ रही थी जो न बांध के पास एक टेंपो के अनियंत्रित हो जाने के कारण आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई और टेंपो एवं मोटरसाइकिल पर सवार सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए जिसे स्थानीय के द्वारा डीएमसीएच इलाज के लिए भेजा गया।

# डीएम ने किया गायघाट अंचल व प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**प्रात : किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय का जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। जांच के क्रम में लंबित पड़े दाखिल खारिज, पंचायत सरकार भवन एवं कचड़ा प्रबंधन शेड को लेकर अंचलाधिकारी राघवेंद्र कुमार राघवन से ली। जांच क्रम में पाया गया कि गायघाट अंचल में दाखिल खारिज के 125 एवं परिमार्जन के साढ़े चार सौ से अधिक मामले लंबित है। अंचल का कैश बुक भी असंतोष जनक पाया गया है ।उन्होंने बताया कि किस वजह से इतने मामले लंबित है जिसे एसडीओ पूर्वी से समन्वय स्थापित कर जल्द निपटारा करने का निर्देश दिए। कहा की अंचलाधिकारी का गायघाट से स्थानानंतरण हो चूका है उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले की जांच लोक शिकायत अधिनियम के तहत अपने स्तर से करेंगे इसके बाद संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा। बताया कि गायघाट के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण होना है। लेकिन अंचल के द्वारा भवन निर्माण के लिए कई पंचायतों में जमीन चिन्हित नहीं हो सका है। उन्होंने इस फरवरी माह में पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि का चयन कर रिपोर्ट देने के लिए सीओ को निर्देश दिया। गांव मुहल्ला स्वच्छ हो इसके लिए लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत सभी पंचायतों स्वच्छता कर्मियों की बहाली की गई है, जो घर घर जाकर कचड़े का उठाव करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच थानों में नए थानाध्यक्षों की पोस्टिंग

समस्तीपुर। समस्तीपुर एसपी विनय तिवारी ने मंगलवार की रात जिलादेश जारी कर पांच थानों में नए थानाध्यक्षों की पोस्टिंग की है। जिलादेश के अनुसार पुलिस केंद्र से पुलिस निरीक्षक पिंकी प्रसाद को मुफस्सिल थाना, पुलिस केंद्र से पुलिस निरीक्षक आशुतोष कुमार को नगर थाना, पुलिस केंद्र से पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार मंडल को रोसड़ा थाना, पुलिस केंद्र से पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार रंजन को दलसिंहसराय एवं पुलिस निरीक्षक अजय चंद्र सिंह को पटोरी थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

### भैंसे को ले जा रहे पशु तस्करों को लोगों ने पकड़ा

समस्तीपुर। नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 के धरमपुर मोहल्ला में बीते मंगलवार की रात सार्वजनिक रूप से छोड़े गए भैंसे को जबरन एक विशेष समुदाय से जुड़े कुछ लोगों के द्वारा मैजिक वैन पर लादकर कसाई खाने ले जाने के प्रयास के विरोध में स्थानीय लोगों ने उसे वाहन सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस सम्बन्ध में दर्जनों लोगों के द्वारा इसकी शिकायत नगर थाना पुलिस से की गई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि इसको लेकर समुदाय विशेष के द्वारा बार-बार दंगा भड़काने की धमकी दी जा रही है। इससे पहले भी उन लोगों के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धरमपुर वार्ड एक से 50 हजार रुपए मूल्य की एक गाय की चोरी कर ली गई थी। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। लोगों ने पशुओं की चोरी पर लगाम लगाने व अवैध तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस सम्बन्ध में नगर थाना पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समस्तीपुर जीआरपी के नए थानाध्यक्ष बने ब्रह्मदेव प्रसाद

समस्तीपुर। रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर कुमार आशीष ने राजकीय रेल थाना समस्तीपुर का नया थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक ब्रह्मदेव प्रसाद आलोक को बनाया है। जबकि, थानाध्यक्ष मनोज कुमार को सोनपुर रेल थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया। पुलिस अवर निरीक्षक राजेश पासवान को हसनपुर रेल पीपी अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि, समस्तीपुर थाना में कनीय अवर निरीक्षक श्रीधर कुमार को मोतिहारी रेल थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 6 उप निरीक्षक का स्थानांतरण किया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा विगत माह में पुलिस निरीक्षक एवं पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों का रेल जिला मुजफ्फरपुर से अन्यत्र जिला में स्थानांतरण के फलस्वरूप रेल जिला मुजफ्फरपुर के रेल अंचल, थाना, पीपी अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। रेलवे के अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा रेल मुजफ्फरपुर के रेल थानों में पुलिस निरीक्षक कोटि के पदाधिकारियों को थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापन करने की अनुमति प्रदान की है। प्रशासनिक कार्यहित के मद्देनजर नए पुलिस पदाधिकारी को पदस्थापित किया गया है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोरमार काली मंदिर के समीप से रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने 7:30 एमएल शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान सोरमार गांव निवासी मोहम्मद अमीन के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया जा रहा है।

### ई-कॉम कम्पनी में लूट मामले में हुई प्राथमिक दर्ज

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर गांव स्थित ईकाम कंपनी से 90 हजार रुपए लूट मामले में कंपनी के सुपरवाइजर चंद्रमणि पासवान के आवेदन पर चकमेहसी थाना में प्राथमिक की दर्ज हुई है। ज्ञात हो कि मंगलवार की देर शाम बाईक सवार बदमाशों ने 90 हजार रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिस मामले में कम्पनी के सुपरवाइजर के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज की गई। वहीं थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की जांच में जुटी गयी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### मिनी बाल विद्यालय का हुआ शुभारंभ

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 04 मिल्की टोल में मिनी बाल विद्यालय का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन बाल विकास योजना के जौनल मैनेजर सोनू कुमार सिंह, एस एस संजीत कुमार चौधरी, विभूतिपुर कोर्डिनेटर कविता कुमारी एवं स्थानीय मुखिया पति मंटून ठाकुर संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिक्षिका के रूप में दीपक कुमारी की पत्नी विभा कुमारी को नियुक्त किया गया एवं बच्चों की पढ़ाई से संबंधित सामग्री सौंपा गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, गुरुवार , 08 फरवरी, 2024



# गैंगरेप मामला : घटना की जांच पड़ताल में जुटा प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। रिविलगंज की एक महिला के साथ तीन फरवरी को अगवा कर सिवान जिले के चंवर में हुई गैंगरेप की घटना के बाद प्रशासन जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बुधवार को दोपहर पटना से इलाज करा कर लौटी पीड़िता से मुलाकात कर सदर एसडीपीओ संतोष कुमार, थानाध्यक्ष सुभाष पासवान आदि ने आवश्यक जानकारी ली। उसके बाद आगे की कार्रवाई में लगे हुए हैं। वही स्थानीय थाना के पुलिस आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लागतार प्रयास एवं दबिश बनायी हुई है। पुलिस अब तक कुछ लोगों को उठाकर पुछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है घटना से जुड़े हर बिन्दु पर गहनता से जांच पड़ताल किया जा रहा है। बहुत जल्द घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विदित हो कि गत शनिवार तीन



फरवरी को रिविलगंज थाना क्षेत्र की एक बत्तीस वर्षीय महिला का रिविलगंज थाना से करीब सौ मीटर दूर छपरा–मांझी मुख्य मार्ग से महिला की चेहरे पर बेहोशी के पावडर डालकर अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। उसके बाद सिवान जिले के दरौंदा थाना अन्तर्गत हाथेपुर गाँव के चंवर में ले जाकर सामुहिक दुष्कर्म करने की बात कही जा रही है। सुचना के बाद घटना स्थल पर पहुंच परिजनों द्वारा पीड़ित महिला की इलाज सीएचसी रिविलगंज एवं सदर अस्पताल छपरा पहुंचे। जहाँ स्थिति गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा महिला को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया था। बुधवार को पटना पीएमसीएच से उपचार कराकर एम्बुलेंस से अपने घर पहुंची उस समय गांव के बहुत लोग इकट्ठे हो गए थे। पीड़ित महिला से पुछताछ एवं जानकारी लेने के लिए एसडीपीओ एवं थानाध्यक्ष और पुलिस बल मौजूद थे।इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी योगेन्द्र कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी आदि ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर जानकारी ली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पीड़ित महिला से पुछताछ के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दिया गया है। पुलिस जल्द से जल्द घटना की उद्भेदन कर आरोपियों गिरफ्तारी की प्रयास कर रही हैं।

# विद्यालय की चारदीवारी का विधायक ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। तेंनुआ पंचायत के अंतर्गत महतों मुसहेरी गांव के कन्या मध्य विद्यालय में नव निर्मित चहारदीवारी का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक डा. सीएन गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता हमेसा से रही है। इस विद्यालय के निरीक्षण का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ था।स्थानीय आमजनो ने विद्यालय भवन में चहारदीवारी नहीं होने को लेकर उसके निर्माण की पहल की थी।उनकी इस सोच पर अमल करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कराया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विधायक डा. सी एन गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कल तक विद्यालय के क्लास रूम तक जानवर और आसामाजिक तत्व प्रवेश कर जाते थे।चहारदीवारी निर्माण एवं उसमें गेट लग जाने से विद्यालय पूरी तरह सुरक्षित हो गया.स्थानीय आमजनों ने विधायक डॉ सी एन गुप्ता की प्रसंशा करते हुए कहा की जो ये कहते है वो बिल्कुल पुरा करते है । इस दौरान विद्यालय के शिक्षक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व जिलापार्षद ने नवागत थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



माँझी। बुधवार को माँझी थाना परिसर में नवागत थानाध्यक्ष अमित कुमार राम को माँझी के पूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता पंकज सिंह उर्फ अभिषेक सिंह आदि लोगों अंग वस्त्र से स्वागत किया। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाकर नई पारी की शुभकामना की। मौके पर नव पदस्थापित थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेने के बाद शराब के धंधेबाजो व अपराध पर अंकुश लगाना और थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुराने अपराधियों का रिकॉर्ड खंगाला जाएगा और उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपराध पर पूर्ण रूप से नियंत्रण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर एसआई नसीम अहमद तथा सबिता कुमारी के अलावा अरविन्द सिंह,संजीव वर्णवाल एवम संजीव श्रीवास्तव आदि भी मौजूद थे।

# कुलपति ने किया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। जेपीयू के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन का औचक निरीक्षण किया ।कुलपति डिग्री वितरण सेल के निरीक्षण के दौरान बोले कि अब किसी प्रकार की शिकायत मिली तो आप सबके ऊपर कार्रवाई होगी ।इसी क्रम में कुलपति ने इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह को आदेशित किया कि डिग्री वितरण सेल के बाहर कुर्सियां और पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी अपने वाहनों को पोर्टिको में ही लगाएं।

उन्होंने आई टी सेल में डाक से डिग्री भेजने के विषय में जानकारी ली। यह पूछने पर कि कितनी डिग्री को डाक द्वारा भेजा गया, मनीष कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन 20 डिग्री डाक से भेजी जाती है। इस पर कुलपति बहुत नाराज हुए और सभी डाक्यूमेंट के साथ कुलपति कक्ष में आने को आदेश निर्गत किए। कुलपति का सख्त निर्देश है कि डिग्री वितरण में तेजी लायी जाए और जो डिग्री बन चुकी है उसे विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर डाल दिया जाए। जिन लोगों ने डिग्री के लिए पूर्व में आवेदन किया है उनको पता चल जाए कि उनकी डिग्री बन गयी है।

इस अवसर पर प्रो हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद सह जन सम्पर्क पदाधिकारी तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ दिलीप कुमार भी मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



इसुआपुर । सरस्वती पूजा के मद्देनजर बुधवार को इसुआपुर थाना परिसर में राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय की देखरेख में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय थानाध्यक्ष टिन्कु कुमार ,मशरक सकिइल पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह तथा राजस्व कर्मचारी बज्रनंदन सहाय थे।इस दौरान राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सरस्वती पूजा पंडाल में पांच लोग रहेंगे। जिनके आई कार्ड थाना स्तर से बनाया जाएगा। वहीं मूर्ति विसर्जन शुक्रवार को रूट चार्ट के अनुसार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पूजा में वैध व अवैध अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग बिल्कुल नहीं होगा। आर्केस्ट्रा, डीजे व अश्लीलता पर पूर्ण रोक रहेगी। बिना लाइसेंस के कोई व्यक्ति मूर्ति नहीं रखेगा। अभी तक कुल लाइसेंसधारियों की संख्या 65 बताई गई । बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा,बद्री नारायण सिंह, अमरनाथ प्रसाद, अजय राय,अनवर हुसैन, विजय राय, राजकिशोर सिंह, गुड्डू कुशवाहा, शारदानंद सोनी, विजय सिंह , नितेश सिंह, अशोक सिंह व अन्य थे।

# आयोग ने ओरियंटल इंश्योरेन्स कम्पनी और पंजाब नेशनल बैंक को ब्याज सहित भुगतान करने का दिया आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मनमोहन कुमार एवं श्रीमती मंजू सिंह ने परिवाद संख्या 15/21 जिसे सोनपुर थाना के फाकड़ा बाद निवासी वेदमित्र प्रसाद ने दिनांक 13 जुलाई 2015 को आयोग मे दाखिल किया था। जिसमें शाखा प्रबंधक छपरा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के ऊपर अपने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो का मुआवजा नहीं देने को लेकर परिवाद दाखिल किया था। अपने परिवार पत्र में दर्शाया था कि 25 अगस्त 2014 को एक स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदा था। जिसका इंश्योरेंस उक्त बीमा कंपनी के द्वारा कराया था। उनकी गाड़ी 25 अगस्त 2014 को पटना जाने के क्रम में एक साइकिल सवार को बचाने में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना होने के पश्चात गाड़ी बनवाने में कुल खर्च 77 हजार 196 रुपए का विपत्र भुगतान हेतु उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी को दिया था। परंतु इंश्योरेंस कंपनी द्वारा चालक की लाप्रवाही बता कर क्लेम को खारिज कर दिया गया था। तब उन्होंने आयोग का दरवाजा खटखटाया आयोग द्वारा भुगतान राशि वाद दाखिल की तिथि से 6% सुद के साथ एवं मानसिक तथा शारीरिक क्षति के लिए 10 हजार रुपए देने का आदेश दिया है। एक और मामले में सिवान जिला के भगवानपुर थाना के बादर जमीन निवासी मुखदेव प्रसाद ने परिवाद पत्र संख्या 105/ 2008 दिनांक 20 नवंबर 2008 को दाखिल किया था। जिसमें पंजाब नेशनल बैंक जनता बाजार के शाखा प्रबन्धक और प्रधान शाखा हथुआ मार्केट के प्रबधक के खिलाफ आवेदन दिया था। अपने आवेदन में उन्होंने बतलाया था कि वह 31 जनवरी 2004 को शिक्षक के पद से अवकाश प्राप्त किए थे और जनता बाजार शाखा से अपना पेंशन लिया करते थे ।विभाग द्वारा उन्हें ग्रेचुएटी की राशि 7723 भुगतान करने हेतु आया था। परंतु बैंक द्वारा भुगतान नहीं किया गया। दो साल तक आवेदक दौड़ता रहा। प्रधान कार्यालय में भी शिकायत किया कोई सुनवाई नहीं हुई तब आयोग मे आवेदन दिया।

# छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जेपीयू परीक्षा नियंत्रक से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। बुधवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दिलीप कुमार से मिला। सामाजिक संगठन ने परीक्षा नियंत्रक को एक स्मार- पत्र सौंपा। जिसमें स्नातक पार्ट वन के 2020-21, स्नातक पार्ट 2 के 2021-22, 23 के टी आर परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराने, स्नातकोत्तर फर्स्ट सेमेस्टर 2021-23 एवं स्नातकोत्तर के सेकंड सेमेस्टर 2021-23 के त्रुटिपूर्ण रिजल्ट को सुधार कर पुणः प्रकाशित करने, स्नातक के विभिन्न खंडों के प्रिंटेड मार्कशीट को छात्रों को शीघ्रतापूर्वक उपलब्ध कराने, सर्वदलीय छात्र संगठनों की बैठक कराने आदि विभिन्न छात्रों के मुद्दों को जेपीयू परीक्षा नियंत्रक के सामने रखा। बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र ही सभी समस्याओं के निदान का साकारात्मक रूप से आश्वासन दिया। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि वह छात्रहित में जो भी कदम होंगे वह उठाने से गुरेज नहीं करेंगे। युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के शेख नौशाद ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से संगठन उम्मीद करता है कि छात्र हित में उचित कदम उठाएंगे। छात्रों के कार्यो का शीघ्र निष्पादन हो संगठन यही चाहता है। वहीं संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कहा कि जब से परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय में आए हैं छात्र हित में उचित कदम उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उम्मीद है वह अपने काम को इसी तरह करेंगे। अगर छात्र हित में विश्वविद्यालय प्रशासन सिलसिलेवार ढंग से से काम नहीं करता है तो युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शेख नौशाद, अमित नयन, सद्दाब मजहरी, राजकुमार, रूप गोस्वामी, रिंकी, प्रीति, मोहन कुमार, रवि, आदित्य आदि थे।

# आईडीए कार्यक्रम के दौरान सुक्रत्या एप से होगी दैनिक कवरेज की रिर्पोटिंग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिले में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन यानी (आईडीए) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए कार्यक्रम की सघन निगरानी बेहद जरूरी है। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित बीसीएम और बीएमएनई को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई है। जिसमें इस बार आईडीए कार्यक्रम की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग के लिए एक सुक्रत्या नामक एप को विकसित किया गया है। जिसका जिले के सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम) अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम आईडीए की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग एप के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीपीएम अरविंद कुमार, कुमार सिंह, डीवीबीडीसी सुधीर कुमार सिंह, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीएमएनई ब्रजेश कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के हरिशंकर कुमार और डीपीओ आनंद कश्यप सहित जिले के सभी बीसीएम और डेटा ऑपरेटर उपस्थित थे। जबकि पिरामल स्वास्थ्य के डीपीओ आनंद कश्यप के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सुक्रत्या एप के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने कहा कि आगामी 10 फरवरी से सारण जिला सहित राज्य के कई अन्य जिलों में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। हालांकि अभियान की कुशल निगरानी के लिए दैनिक कवरेज की ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण बेहद जरूरी है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सुक्रत्या नामक एप को विकसित किया गया है। लेकिन इसकी दैनिक रिपोर्टिंग गुणवत्ता पूर्ण सुनिश्चित करने के लिए बीसीएम और बीएमएनईए को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि इस बार के आईडीए अभियान में पहली बार बूथ निर्माण कर लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया गया है। बूथ का निर्माण आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सदर अस्पताल पर होगा। सबसे अहम बात यह है कि बूथ रणनीति के तहत पहले 3 दिनों तक बूथ लगाकर एवं इसके बाद 14 दिनों तक आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर- घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इस तरह अब 14 दिनों की जगह 17 दिनों तक सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

पिरामल स्वास्थ्य के डीपीओ आनंद कश्यप ने बताया कि राज्य स्तर पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक एवं वीबीडीसीओ को पहले ही एप संचालन को लेकर प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसके बाद जिला स्तर पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम) और बीएमएनईए को एप संचालन के लिए विभागीय स्तर पर पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 47वां भारतीय समाज विज्ञान अकादमी द्वारा सामाजिक विज्ञान सम्मेलन का हुआ प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा सदर : भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 5 फरवरी, 2024 से पाँच दिवसीय 47वाँ भारतीय सामाजिक विज्ञानसम्मेलन प्रारंभ हुआ ।

जिसमें बिहार के सारण जिले में स्थित जय प्रकाश विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष और जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के हिन्दी विभाग के युवा प्राध्यापक डॉ. दिनेश पाल ने विभिन्न सत्रों में अपना-अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। प्रो. लालबाबू यादव ने बिहार के जातीय जनगणना के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक प्रभाव का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को यह बतलाया कि जातीय सर्वेक्षण से बिहार देश में पहला ऐसा राज्य बन गया, जिसने सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत तक बढ़ा दी है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव का प्रमुख मुद्दा भी बन गया है। वहीं डॉ. दिनेश पाल ने भारतीय पत्रकारिता के विविध आयामों की चर्चा करते हुए अपने शोध पत्र में यह बतलाया है कि आज की पत्रकारिता अपने मूल उद्देश्य से भटककर समाज एवं राजनीति में अप्रासंगिक बनती जा रही है, जो आज के लोकतंत्र का सबसे बड़ा संकट बनकर सामने आया है। दोनों शोध पत्रों को देशभर से आये समाज विज्ञानियों ने शिद्दत से सराहा है और दोनों वक्ताओं को विभिन्न राज्यों में भविष्य में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के संगोष्ठियों एवं सम्मेलन में भाग लेने का भी आग्रह किया है। मेघालय का यह राष्ट्रीय सम्मेलन 9 फरवरी, 2024 तक चलने वाला है, जिसमें कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, शोध संस्थानों के निदेशक, कॉलेजों के प्राचार्य तथा प्राध्यापक एवं भारी संख्या में शोधार्थीगण भी भाग ले रहे हैं।

सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने क्षेत्र के स्वास्थ्य संबंधी समस्या का मुद्दा उठाया संसद में

# महाराजगंज ससदीय क्षेत्र में किया जाए चलंत अस्पताल कि शुरूआत : सिग्रीवाल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। बुधवार को महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने क्षेत्र के स्वास्थ्य संबंधी समस्या का मुद्दा संसद में उठाया। उन्होंने लोकसभा में महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के जनता की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के निवारण हेतु नियम-377 के अधीन मामला उठाते हुए अपनी मांग रखी कि मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज,बिहार एक ग्रामीण बाहुल्य और पिछड़ा क्षेत्र है। हमारे क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायों के निदान हेतु बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की अतिअवश्यकता है। क्योंकि हमारे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत अच्छे अस्पतालों,जाँच केन्द्रों का घोर आभाव है,है भी तो निजी क्षेत्र में,जिसमें इलाज के लिए जनता को अत्यधिक खर्च करना पड़ता है तथा विशेषग्य एवं योग्य डॉक्टरों से इलाज भी नहीं हो पता है 'गरीब और मध्यमवर्गीय जनता अत्यधिक खर्च करने में असमर्थ है जिस कारण इनके बीमार होने की स्थिति में सही तरीके से उपचार हेतु परामर्श ना मिलने के कारण बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस परिस्थिति में हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता को सही समय पर जल्द उपचार हेतु अच्छे अनुभवी और योग्य डॉक्टरों के टीम से इलाज/उपचार कराने के लिए उनके दरवाज़े,ग्राम और पंचायत स्तर तक सुविधा प्रदान करने की जरूरत है। इसके लिए मोटर वहानयुक्त सुसज्जित चलंत अस्पतालह बहुत ही उपयोगी है।

उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा के सारण जिला के पानापुर, तरैयाँ, मशरक, इसुआपुर, बनियापुर, लह्लादपुर, एकमा,मांझी,जलालपुर तथा सिवान जिला के भगवानपुर हाट, महाराजगंज, बसंतपुर,लकड़ी नविगंज एवं गोरेयाकोठी प्रखंडों में एक-एक चलंत अस्पतालों की शुरूआत कराया जाये।

# जेपीयू के कुलपति ने पी एन कॉलेज परसा का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर। जे पी यू के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई ने बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय, प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने वर्ग कक्ष प्रयोगशाला, कम्प्यूटर रूम, लाइब्रेरी, शौचालय, खेल सामग्री, कॉमन रूम आदि का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी के औचक निरीक्षण के दौरान वहां पर इंचार्ज उपस्थित नहीं थे। साथ ही सिर्फ एक छात्र को पुस्तक निर्गत किया गया था। इसे लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत कुलपति ने कहा कि छपरा में बेहतर शिक्षा व्यवस्था लाने के लिए महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया है। महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए प्राचार्य डा पुष्पराज गौतम के साथ बैठक किया जाएगा।

उन्होंने पीजी की पढ़ाई के सवाल पर कहा कि मेरा प्रयास है कि सभी डिग्री कॉलेज में पीजी की पढ़ाई की व्यवस्था हो। इसके लिए कुछ अनुमति लेनी पड़ती है। जितना संभव होगा उतना प्रयास करने की बात उन्होंने कही।

### नल जल योजना मे व्यापक अनियमितता पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आदेश

बनियापुर (सारण) प्रखंड के सहाजितपुर पंचायत मे दो और पांच वार्ड मे नल जल योजना मे व्यापक अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का आदेश दिया है ।इस मामले में शिकायत द्वितीय अपीलिय प्राधिकार सह जिलाधिकारी सारण के यहां लोक सूचना अधिकारअधिनियम के तहत किया गया था। जिसमे स्थानीय बिजेंद्र कुमार सिंह बनाम जिला पंचायती राज पदाधिकारी के मामले मे आदेश निर्गत किया गया है ।जिसमे विजेंद्र कुमार सिंह की शिकायत है कि नल जल योजना की सम्पूर्ण राशि उठाव कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। जहा 40 घर मे 25 लाभुकों को वँचित कर दिया गया ।जांच में पाया गया है कि वर्तमान पंचायत प्रभारी सचिव सेवक द्वारा वार्ड 2,वार्ड 5 मे अभिलेख उपलब्ध नही कराया गया।

# लायंस क्लब ने एसडीएम को रक्सौल की जाम एवं अनन्य ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु दिया ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। अंतरराष्ट्रीय महत्ता की प्रमुख शहर रक्सौल की जाम एवं अनन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री शिवाक्षी दीक्षित के द्वारा आहूत बैठक मे अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक धीरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश, पुलिस उपनिरीक्षक एकता सागर, अंचलाधिकारी, प्रखंड प्रमुख श्याम पटेल के साथ रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भारतीय ई-रिक्शा, नेपाली टेम्पो, बस संचालक संघ तथा अनन्य स्थानीय समाजसेवी व स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रबुद्ध गणमान्य लोगों की उपस्थिति मे विश्व की अग्रणी समाजसेवी संस्था की इकाई संस्था लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में उपाध्यक्ष लायन गणेश धनोठिया, कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, एलसीआइएफ कॉर्डिनेटर लायन बिमल सर्राफ आदि प्रतिनिधिमंडल ने शहर की प्रमुख विभिन्न बुनियादी समस्याओं पर विशेष बल देते हुए समुचित समाधान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, महासचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव, सचिव राज कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राज किशोर राय आदि ने भी शहर एवं व्यवसायियों की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा किया। सभी गणमान्य लोगों एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री शिवाक्षी दीक्षित ने सकारात्मक सोच के साथ नगरपरिषद रक्सौल को स्वच्छ व सुन्दर तथा जाम मुक्त बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित तौर मैं अपने कार्यकाल में स्थानीय नागरिकों की आंकाक्षाओं पर शत-प्रतिशत शहर की रचनात्मक विकास में योगदान देने का हरसंभव प्रयास करुंगी। साथ ही उन्होंने शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु भारत-नेपाल के प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक कर समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने का भी आश्वासन दिया। ज्ञापन मे रक्सौल की प्रमुख समस्याओं जाम तथा अनियंत्रित ई-रिक्शा, टांगा चालकों के पार्किंग की उपलब्धता तथा जीप व बस स्टैंड को शहर से बाहर लक्ष्मीपुर या हरदिया कोठी समीप सरकारी भूमि चिन्हित कर स्थांतरित करने तथा फुटपाथी दुकानदारों को पुरानी पोखरा स्थित सरकारी भूमि पर व्यवस्थापित करना आदि बिंदुओं पर विशेष विचार विमर्श एवं सुझाओं को त्वरित संज्ञान लेते हुए अतिशीघ्र कार्यान्वयन हेतु सकरात्मक प्रयास के लिए लायंस क्लब ऑफ रक्सौल धन्यवाद प्रकट किया। जिसकी जानकारी मिडिया प्रभारी बिमल सर्राफ ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरसों की बेजोड़ फसल से किसान हुए आह्लादित



जलालपुर। प्रखंड क्षेत्र में तेलहनी फसल सरसों और तोरी की स्थिति अच्छी होने से किसान आह्लदित हैंइस बार मौसम अनुकूल होने तथा लाही नहीं गिरने से सरसों की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है खेतों में तोरी और सरसों की फलियां निकल गई है वहीं कई के पीले पीले फूल निकले हुए हैं हल्की वारिश के बाद मौसम भी अनुकूल बना हुआ है देवरिया गांव के किसान मुकेश यादव ने बताया कि आगे 15- 20 दिन मौसम ठीक-ठाक रहा तो सरसों की पैदावार इस बार रिकॉर्ड रूप में होगीइस बार सम्होता, रामनगर ,मझवलिया, रेवाड़ी, बनकटा, कोपा ,भटवलिया ,बलडीहा ,साधपुर ,अनवल, पियानो , कुमना ,बरेजा ,रूसी ,भटकेसरी विशुनपुरा, नवादा, मिश्रवलिया मंगोलापुर ,माधोपुर, कोठेया मे तेलहनी फसल की व्यापक खेती की गई हैइस बार के रिकार्ड पैदावार से किसानों को काफी मुनाफा होगा तथा बाजारों मे तेल का दाम भी कम होगा।

### शांति समिति की बैठक हुई



मकेर ( सारण) बुधवार की सुबह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई ।वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा को लेकर बैठक हुईजिसकी अध्यक्षता नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने किया ।बैठक में सरकारी निदेर्शानुसार डीजे बजाने पर रोक रहेगी ,साथ सभी आयोजन कर्ता को मूर्ति पूजा हेतु लाइसेंस लेने की जरूरत होगी ,सभी पंडालों को बिद्युत कनेक्शन लेने की बात कही । पूजा के दिन असमाजिक तत्वों पर नजर रखने की बात कही ।बैठक में सिपाही महतो निरंजन शर्मा सुनील राय सुरेंदर सोनी रबिन्द्र राय ,डॉ सचिन्द्र साह मनीष मालाकार इकबाल अंसारी इरफान अंसारी मौजूद थे।

### मिशन दक्ष से प्रभावित है अभिभावक

जलालपुर।प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में सांध्यकालीन में चलने वाले कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष योजना से अब अभिभावक भी प्रभावित हो रहे हैंकमजोर बच्चों के लिए विद्यालयों में मिशन दक्ष में रखा गया हैइसमे वैसे छात्र रखे गए हैंजिन्हे भाषा गणित व अंग्रेजी की बेसिक जानकारी नहीं है तीसरा से आठवां तक के बच्चे साधारण वाक्य को अटक-अटक कर पढ़ते हैंजिन्हे गणित की प्रारंभिक जानकारी भी नहीं है लेकिन पिछले दो महीने से चलाए जा रहे हैं मिशन दक्ष ने बच्चों के साथ साथ अभिभावकों को भी प्रभावित किया है जो बच्चे अटक अटक करके पढ़ रहे थे आज बच्चे धारा प्रवाह में पढ़ने लगे हैं बच्चों की इस प्रगति को देखकर अभिभावक खुश हैं तथा सरकार की योजना की प्रशंसा कर रहे हैं।

### 15वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए शिव चैतन्य स्वामी ध्रुव देव नारायण

डोरीगंज।सदर प्रखंड के शेरपुर गाँव स्थित सत्य निरंजन योग सेवाश्रम के तत्वधान मे बुधवार को शिव चैतन्य स्वामी ध्रुवदेव नारायण की 15 वीं पुण्य तिथि धूमधाम के साथ मनाई गई इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न ईलाको से चिन्हित जरूरतमंद व लाचार परिवारो के बीच कम्बल व फल प्रसाद बांटे गए ।इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत आश्रम की बाल शिष्या समृद्धि श्रेया के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार ध्वनि के बीच हवनादि के साथ पूजा अनुष्ठान भी किए गए ।मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेम कुमार रंजन डा0 धनंजय कुमार किराना व्यवसायी जितेन्द्र सिंह प्रोफेसर प्रमोद कुमार केदार राम ओम प्रकाश रवि एवं संजय कुमार आदि समेत कई अन्य गणमान्य तथा आश्रम के शिष्य मौजूद रहे।

### 61 हजार जाली नेपाली करेंसी के साथ एक गिरफ्तार

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर जाली नोट का कारोबार खूब फल-फूल रहा है, जहां अभी हाल में रक्सौल में जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था, वहीं अब पड़ोसी देश नेपाल के जीतपुर सिमरा उपमहानगर पालिका-7 जीतपुर बाजार से 61 हजार जाली नेपाली नोट को बरामद किया गया और इसके साथ एक आरोपी को पकड़ा गया है।बरामद सभी नोट एक हजार के 61 पीस था। गिरफ्तार आरोपी सलार्ही के चंद्रनगर नगरपालिका निवासी 44 वर्षीय रामचंद्र महतो है। मिली जानकारी के अनुसार प्रभु साह कलवार के सुर्ती किराना दुकान से नकली नोट से समान खरीदने का खबर प्राप्त हुआ, जिसके बाद उक्त कार्रवाई करते हुए नोट के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का शंखनाद भाजपा जिला संगठन ने कर दिया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए भाजपा जिला कार्यालय अरवल में जिला बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल शर्मा एवं मगध क्षेत्रीय सह प्रभारी पंकज सिंह उपस्थित रहे। बैठक में अगामी कार्यक्रम गांव चलो अभियान को लेकर विशेष महत्व चर्चा हुई। बैठक में पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य अनिल शर्मा ने कहा कि इस अभियानों और योजनाओं के माध्यम से आम जन तक पहुंचने की मुहिम में अब गांव चलो अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 11 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पदाधिकारी बूथों पर पहुंचकर पदाधिकारियों बल्कि आम लोगों से मुलाकात कर उनके बीच रात में रुककर पार्टी की अंदरूनी मजबूती परख कर उच्च नेतृत्व तक बात पहुंचाएंगे। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, एमएलसी, ब्लाक प्रमुख आदि से लेकर जिला कार्यकारिणी और अन्य कमेटियों के पदाधिकारी गांवों में पहुंचकर बूथ कमेटी के साथ ही पन्ना प्रमुख आदि से संपर्क करेंगे।

जनता के बीच बैठ कर उनसे संवाद करेंगे और वहीं पर रात्रि प्रवास कर लोगों के बीच चर्चा की जाएगी। वहीं मगध क्षेत्रीय सह प्रभारी श्री पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश द्वारा निर्देशित श्री राम मंदिर दर्शन कार्यक्रम अभियान, नव मतदाता अभियान, शक्ति वंदन अभियान, दीवार लेखन अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान, पार्टी ज्वाइनिंग अभियान में भी अरवल जिले को प्रथम स्थान पर लाना है। हम सभी को सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सहभागी बनना है। वहीं भाजपा नारी शक्ति वंदन अभियान चलाने जा रही है। नारी शक्ति वंदन अभियान में स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 फरवरी को महिलाओं और एनजीओ से लाइव संवाद करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्वगुरु बनाने की कल्पना के साथ कहा है कि 2024 का चुनाव आने वाले एक हजार वर्षों के लिए मजबूत नींव रखने वाला साबित होगा। अपने जिले में भी लोकसभा चुनाव की इस प्रकार तैयारी करनी है कि 2024 और 2025 में अरवल विधानसभा एवं कुर्था विधानसभा में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज हो सके।

लोक सभा विस्तारक दुर्गेश चौबे ने कहा कि जिले के कमजोर बूथों पर विशेष ध्यान देते हुए जिला स्तर से लेकर पन्ना प्रमुख, पेज समिति प्रमुखों तक सभी को मजबूत करना है। संचालन जिला महामंत्री रामाशीष दास ने की और बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री कुशवाहा चन्दन ने की। इस बैठक में कोशी के सह प्रभारी सतेन्द्र राय, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अजय पासवान, भाजपा नेता भास्कर कुमार सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## पूर्व जिप अध्यक्ष के मांग पर कालका हावड़ा मेल के ठहराव का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह के मांग पर औरंगाबाद जिले की अति महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड पर हावड़ा कालका मेल के ठहराव से संबंधित आदेश दिए जाने पर रेल मंत्री भारत सरकार को बधाई दी है। बधाई संदेश में कहा कि उन्होंने पिछले दिनों रेल मंत्रालय को एक पत्र लिखी थी जिसमें हावड़ा कालका मेल, अजमेर सियालदह एक्सप्रेस एवं गया चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के ठहराव के लिए मांग की थी। उन मांगों में एक मांग हावड़ा कालका मेल के ठहराव के लिए आदेश किए जाने हर्ष व्यक्त करते हैं एवं अन्य दो रेल गाड़ियों के ठहराव के लिए जल्द से जल्द आदेश देने की मांग करते हैं।विदित होकर अमृत भारत योजना के तहत चयनित अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर जितना राजस्व की प्राप्ति होती है उस मुताबिक इतनी ट्रेन नहीं रुकती इसी के मद्देनजर उपरोक्त अन्य ट्रेनों का भी ठहराव शीघ्र किया जाए।यह भी कहा कि यह ए ग्रेड का रेलवे स्टेशन है। पिछले दिनों उनके किए गए मांग का समाचार पत्रों में प्रकाशन भी हुआ था।

## तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का होगा आयोजन

प्रात : किरण/एजेंसी

औरंगाबाद। पर्यटन विभाग, पटना तथा जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2024 को किया जाना है। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी प्रतिभा दिखाने का अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जाना है। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त औरंगाबाद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। समिति की बैठक में हुए निर्णय के आलोक में स्थानीय कलाकारों का चयन ऑडिशन तथा स्क्रीनिंग के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए 9 एवं 10 फरवरी 2024 को अनुग्रह नारायण नगर भवन, औरंगाबाद में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। देव प्रखंड के छात्र-छात्राओं तथा कलाकारों के लिए 8 फरवरी को देव प्रखंड कार्यालय में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। इसके लिए अलग-अलग समितियां भी गठित की गई है। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थान, विद्यालय, महाविद्यालय से एक-एक सर्वोत्तम कार्यक्रम को ऑडिशन में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु संस्थान के प्रधान का अग्रसारित पत्र, परिचय पत्र एवं आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रथम पाली में 237 द्वितीय पाली में 166 परीक्षार्थी अनुपस्थित

अरवल। इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 का सफल संचालन जिले के कुल 16 परीक्षा केंद्र किया गया। सभी परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ संपन्न हुआ। प्रथम पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 11338 के विरुद्ध 11101 उपस्थित रहे जिसमें 237 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 4721 के विरुद्ध 4555 उपस्थित हुए जिसमें 166 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान परीक्षा केन्द्र उच्च विद्यालय दरियापुर से द्वितीय पाली में 01 फर्जी परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया।

### डीएम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को किया रवाना

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा समाहरणालय परिसर मे सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में एन सी सी के बच्चों ने भाग लिया। यह जागरूकता रैली इंडोर स्टेडियम अरवल से रवाना होकर भगत सिंह चौक अरवल तक पहुँची। रैली में सभी बच्चों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगायें एवं सुरक्षा का संदेश दिया। यह सड़क सुरक्षा माह अभियान 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक चलेगी। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के साथ अन्य मौजूद रहे।

### जिले पन्द्रह आरोपित पकड़े गये

गया।गया जिला में अपराध एवं अपराधियों पर पुरी तरह अंकुश लगाने को लेकर देर रात सोमवार तक गया जिला एस एसपी एवं सिटी एसपी प्रेरणा कुमारी के पुरी तरह मोनीटरिंग में जिला में हुई छापामारी से पुलिस टीम को 15 आरौपीत को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध एस एसपी ने बताया कि ट्रेफिक नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन मालिकों से जुमार्ना रुपया वसुले गये है।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक कल

गया।डुमरिया प्रखण्ड मुख्यालय में 9 फरवरी को पंचायत समिति सदस्य की बैठक में प्रमुख व उप प्रमुख का अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी।इसके लेकर तैयारी पूरी हो गई है।बीडीओ राजू कुमार ने बताया की पंचायत समिति सदस्य की बैठक दंडाधिकारी के देखरेख में होगी।सारी प्रक्रिया कानूनी किताबो के मुताबिक पूरी की गईहै।इधर चौक चौराहों पर सामाजिक कार्यकर्ता में चर्चा है की डुमरिया प्रखंड में कुल 16 सदस्यों की संख्या है,लेकिन एक तरफ 10 है तो दूसरे प्रमुख उप प्रमुख के तरफ 6 बताया जा रहा है।अब लोगो को को इस तरफ ध्यान आकृष्ट है की 9 फरवरी को क्या होता है।समाजसेवी पवन चंद्रवंशी ने बताया की पंचायत समिति सदस्य ने मुड़ बना लिया है की प्रमुख और उप प्रमुख को कुर्सी जाना तय है,भावी प्रमुख जनता और समिति सदस्य के मान सम्मान और समय पर बैठक विकाश कार्य मुख्य मुद्दा है,जो पिछले कई वर्षो से अधूरा था उसे पूरा किया जायेगा।

### रिपब्लिक-डे परेड से वापसी पर एनसीसी कैडेट्स का गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत

गया। दिल्ली में रिपब्लिक-डे परेड और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर लौटें गया ज़िले के विभिन्न कॉलेजों के एनसीसी कैडेटों का गया जंक्शन पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।6 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स अपने सपने को पूरा करने में सफल हुए।इस मौके पर 6 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने बताया कि एनसीसी नई दिल्ली में एक माह तक चले कैम्प में अन्य 16 राज्यों के निदेशालयों से आये लगभग 2 हजार कैडेट्स के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कैडेट्स ने व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की।उन्होंने ने बताया कि कड़ी मेहनत करके एनसीसी कैडेटों ने अपने जिला,बटालियन एवं कॉलेज का नाम रोशन किया।

## ई किसान भवन में गोष्ठी का हुआ आयोजन




- विधायक ने द्वीप प्रज्वलित कर किया सुरुआत

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय परिसर में ई किसान भवन में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें कृषि विभाग की सभी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन एवं शिकायतों का निष्पादन तथा गरमा तिल की खेती विषय पर चर्चा काफी विस्तृत में हुई। इस कार्यक्रम में शेरघाटी के विधायक मंजू अग्रवाल के साथ साथ प्रखंड प्रमुख, नरेश कुमार जिला परिषद मालती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुरुआत किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न पंचायत समिति,मुखिया, सरपंच की गरिमामई उपस्थिति रही। उक्त गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किया। साथ ही साथ प्रखंड उद्यान पदाधिकारी,सहायक तकनीकी प्रबन्धक ,सभी कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश अग्रवाल ने काफी विस्तृत में किसानों के होने वाले लाभ बताने के बाद गोष्ठी का समापन किया।

## नगर परिसद कार्यालय में सामान्य बैठक हुआ सम्पन्न

- शहर में बनाया जाएगा चिल्ड्रन पार्क दिया गया अनापतिः विधायक

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर चरणबद्ध तरीके से काम करने के लिए सभी वार्डों में योजनाओं के चयन हेतु बुधवार को नगर परिषद के सभागार भवन में सामान्य बैठक की गई। उक्त बैठक में स्थानीय विधायक मंजू अग्रवाल को पहुचते ही नगर परिषद के मुख्य पार्षद गीता देवी एवं उपमुख्य पार्षद तारकेश्वर चौधरी को बुके देकर स्वागत किया गया। यह बैठक नगर परिषद के मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इधर जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर कुमार पुष्प ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम नल जल योजना की समीक्षा की गई। नए वार्ड में नल जल लगाने एवं मरम्मत करने का कार्य व्यापक पैमाने पर किए जाने का प्रस्ताव लिया गया है। साथ ही स्लम एरिया में सरकारी भूमि की उपलब्धता को देखते हुए प्याऊ घर एवं स्टैंड पोस्ट का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में सड़क नाली गली आदि कार्य किए जाने को लेकर वार्ड पार्षदों से सुझाव और प्रस्ताव लिया गया। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कार्य कर रहे संवेदक जिन्होंने गंभीरता नहीं दिखाए जाने पर उनके खिलाफ स्पष्टीकरण किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ऐसे संवेदकों को काली सूची में डालने का भी निर्णय लिया गया है।

वार्ड पार्षदों द्वारा विभागीय अधिकारियों या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति करने पर विशेष चर्चा किया गया। संबंधित विभाग के प्रतिनिधि या अधिकारी की अनुपस्थिति में उनसे कारण पृच्छा का प्रस्ताव लिया गया है। एनजीटी के निदेर्शानुसार नगर परिषद के अंतर्गत जैव विविधता समिति का गठन किया गया। यह समिति परिषद के अंतर्गत जैव विविधता के संबंध में लोगों को घर घर जा कर जागरूक करेगी। अपशिष्ट प्रबंधन में गले और सूखे कचरे प्रबंधन के लिए इकाई का निर्माण अंतिम चरण में है।जिसका जल्द ही सुरुआत किया जाएगा। उक्त बैठक के दौरान विधायक मध्य से जेपी चौक के समीप चिल्ड्रन पार्क बनाए जाने को लेकर अनापत्ति दी गई। विधायक मद से शहर में पांच स्थानों पर शौचलय के अलावे शहर के इंदिरानगर जाने वाली सड़क को बनाए जाने की बात बताई गई। मालूम हो की बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का विशेष प्रस्ताव में लिया गया है।

## झारखंड से अपहृत युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले गिरफ्तारः सिटी एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



गया। झारखंड के हजारीबाग से अप्रहत युवक को महत कुछ ही घंटे में रामपुर थाना क्षेत्र के एलआईसी ऑफिस के समीप से बरामद कर लिया गया है।इस मामले में एसपी सिटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि छः फरवरी की देर शाम एसएसपी आशीष भारती से अपहरणकर्ता के भाई ने अपहरण होने की सूचना दी थी। आगे बताया कि अपहरणकर्ता द्वारा उनसे चार लाख रुपये फिरौती की मांग की जा रही है।उनके भाई रामपुर थाना क्षेत्र में रखने की बात की जा रही है। एसएसपी प्रेरणा कुमार ने मामले की गंभीरता को लेते हुए रामपुर थाना अध्यक्ष और तकनीकी शाखा को कार्रवाई का निर्देश दिया जिसके बाद पुलिस रामपुर थाना क्षेत्र एलआईसी ऑफिस के पास पहुंची तो पुलिस को देखकर कुछ लोग मकान से कूद कर भागने लगे लेकिन पुलिस ने भागते हुए एक अपहरणकर्ता इंद्रजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार इंद्रजीत कुमार के पास से एक देसी कट्टा फर्जी मानवाधिकार का लेटर पैड विदेशी शराब गाड़ी का नंबर प्लेट व अन्य सामान बरामद किया है। सीटी एसपी प्रेरणा कुमार ने यह भी बताया कि पुलिस ने मकान की तलाशी लिया तो अपहृत व्यक्ति सुनील जख्मी अवस्था में उन्हें मिला सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि इंद्रजीत कुमार और उनके सहयोगियों के द्वारा उन्हें झारखंड के हजारीबाग से अपहरण किया गया था और उनके साथ काफी मारपीट की गई है।वह स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर और अंगूठा का निशान बनवाकर यह सभी लोग रख लिए हैं इसके बाद पुलिस ने सुनील कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गिरफ्तार अपहरणकर्ता के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा फर्जी मानवाधिकार का लेटर पैड विदेशी शराब गाड़ी का नंबर प्लेट व अन्य सामान बरामद किया है।

## विकसित संकल्प यात्रा नगर निगम आयुक्त का नोडल अधिकारी नियुक्त, 8 से शुरू होगीः धीरज गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता



गया। अपर सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के बारे में जानकारी दी गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास योजना को जन-जन तक पहुंचने का कार्य किया जाएगा। नगर आयुक्त गया नगर निगम अभिलाषा शर्मा को गया जिले के नगर निकायों का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त के द्वारा यह बतलाया गया कि यह यात्रा गया नगर निगम क्षेत्र के अतिरिक्त नगर परिषद बोधगया ,नगर परिषद शेरघाटी ,नगर परिषद टेकरी, नगर पंचायत डोभी, नगर पंचायत वजीरगंज, नगर पंचायत फतेहपुर, नगर पंचायत इमामगंज एवं नगर पंचायत खिजीरसराय मे आयोजन किया जाएगा। नगर आयुक्त के द्वारा यह भी बतलाया गया कि यात्रा के दौरान गया नगर निगम क्षेत्र में 21 कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बोधगया में चार कैंप, शेरघाटी में चार कैंप, टेकरी में चार कैंप ,एवं सभी नगर पंचायत में एक-एक कैंप लगाया जाएगा।कैंप में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।इस कैंप के संचालन हेतु उपनगर आयुक्त शिवनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया गया है जिसमें गया जिला के सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी गया नगर निगम के नगर प्रबंधक आसिफ सिराज गया नगर निगम के ठोस कचरा प्रबंधन पदाधिकारी मोनू कुमार एवं शुभम कुमार, गया नगर निगम के तीनों नगर मिशन प्रबंधक साहिल राज ,श्रीकांत प्रसाद एवं विकास कुमार को सदस्य नामित किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा द 8 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 फरवरी तक जिले के सभी नगर निकायों में चलाई जाएगी। गया नगर निगम एवं जिले के अन्य नगर निकायों में कैंप स्थल निम्न प्रकार है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गया नगर निगम में वार्ड संख्या 3 मे आठ फरवरी को महावीर स्थान, वार्ड नं 4 में दोपहर दो बजे से पांच बजे तक बागेश्वरी मंदिर,नौ फरवरी को वार्ड नं 7 मे सुबह दस बजे से एक बजे तक रैन बसेरा के निकट, वार्ड नं 11 में दोपहर में डाक स्थान के नीचे पीफल के पेड के पास, वार्ड नं 12 का दस फरवरी को सुबह में रामरुची स्कूल मे, वार्ड नं 13 में दोपहर में चन्द्रशेखर कौलेज गंगा महल में, वार्ड नं 15 में 11 फरवरी को सुबह में गोल बगीचा देवी स्थान, वार्ड नं 23 का दोपहर में राजकीय वेयरहाउस दुगार्बाड़ी में, वार्ड नं 24 एवं 25 का बारह फरवरी को सुबह में रेलवे हास्पिटल, वार्ड नं 26 एवं 27 का दोपहर के समय अनुग्रह कौलेज गया, वार्ड नं 28 का तेरह फरवरी को सुबह में कटारी हिल अम्बेडकर मोड, वार्ड नं 29 का दोपहर में पहाड़पुर मध्य विद्यालय के पास, वार्ड नं 36 का चौदह फरवरी को सुबह में जय प्रकाश नगर मंदिर के बगल में, वार्ड नं 37 का दोपहर में बिसार तालाब, वार्ड नं 40 का पन्द्रह फरवरी को सुबह विष्णुपद पार्किंग में, वार्ड नं 42 का दोपहर में रामसागर तालाब के पश्चिम तरफ, वार्ड नं 43 का सोलह फरवरी को सुबह में भैरो स्थान, वार्ड नं 47 का दोपहर में सूर्य पोखर, वार्ड नं 50 का सतरह फरवरी को सुबह में मदुरासनी मंदिर में, वार्ड नं 52शाम जगजीवन कौलेज, वार्ड नं 53 का अठारह फरवरी को सुबह में गौरी कन्या हाइ स्कूल में।

## डॉ. मनीष ने श्रमजीवी पत्रकार की नई कमेटी को दी शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता

गया जिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह उर्फ श्रीकांत प्रसाद सिंह जी को जिला अध्यक्ष एवं महासचिव पद पर राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो प्रमुख गोपाल प्रसाद सिन्हा एवं उपाध्यक्ष पद पर हिंदुस्तान रिपोर्टर राजेश कुमार मिक्की,राजू कुमार राजू, नीरज कुमार एवं नीरज कुमार 2 को कोषाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा सचिव रौशन कुमार,सुजीत कुमार, ऐलेन लिली एवं उपसचिव पद पर मोहम्मद सरताज, नीरज कुमार अम्बष्ट कौशलेंद्र प्रताप सिंह,रत्नेश कुमार एवं संगठन सचिव प्रदीप रंजन, कौशलेंद्र,विजय पांडेय,अजय सिंह,प्रवीण ओझा एवं मीडिया प्रभारी हरिवंश कुमार,कुमुद रंजन को मनोनयन होने पर भाजपा के नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अपने कलम से स्वतंत्र लेखनी से पत्रकारिता जगत में निर्पक्ष पत्रकार के रूप में पहचान है आज ऐसे कर्मवीरो को स्वागत करने का सुनहरा मौका मिला हैं मैं सभी मनोनित सदस्यो को उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## आइबीएफ डॉ. तेजस्वी नंदन को मिला ईसार यूथ आइकन एवार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया जिला के आइबीएफ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल मेडीवर्स के डा तेजस्वी नंदन को नेशनल ईसार 2022-24 के एनुअल कोनफ्रेस भुवनेश्वर में ईसार युथ आइकन एवार्ड से सम्मानित किया गया है राष्ट्रीय अध्यक्ष डा नंदीता पलासटेकर द्वारा दिया गया है जिससे मगध वासियों के लिए एक गर्व की बात है। इस मौके पर सेक्रेटरी ईसार डा सुजाता कर और सभी वरिष्ठ चिकित्सक उपिस्थति में दिया गया है जिससे गया वासियों को डा तेजस्वी नंदन पर गर्व होता है।सभी गया वासियों के सहयोग और लगाव के कारण यह हासिल हुआ है आपलोग का विश्वास ही हमे आगे बढने की प्रेणा देता है यह कहना है डा तेजस्वी नंदन की।साथ में चाइल्ड रोग विशेषज्ञ डॉ मंजूल विजय भी उपस्थित थे।




### पुलिस उपाधीक्षक, गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया

गया। कोतवाली थान को सूचना प्राप्त हुआ कि पंचायती अखाड़ा नदी के पास एक व्यक्ति को गोली मार दिया गया है।इस सूचना प्राप्त होते ही वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक, गया, नगर पुलिस उपाधीक्षक, गया, थानाध्यक्ष रामपुर,मुफस्सिल,सिविल लाईन एवं पुलिस केन्द्र गया से भारी संख्या में दंगा निरोधक बल को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया है। इन पदाधिकारीयों के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। इस क्रम में पता चला कि मो0 सदाम एवं इनके अन्य साथी पंचायती अखाड़ा नदी के पास बैठे हुए थे इसी दौरान मो0 सदाम के साथ एक व्यक्ति का हाथापाई हो गया है।इसके बाद व्यक्ति अपने घर से देशी कट्टा लाकर मो0 सदाम, पे0 मो0 जायद, सा0 पंचायती अखाड़ा, थाना कोतवाली, जिला गया को गोली मार दिया है। गोली लगने से ईलाज के दौरान मो0 सदाम की मृत्यु हो गई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल हॉस्पिटल गया भेजा गया है।वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु स्वयं के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में तथा नगर पुलिस उपाधीक्षक, गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

## प्रो. शिवनाथ सिंह स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गया कौलेज में हिंदी विभाग गया कॉलेज गया एवं डॉक्टर रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची के संयुक्त तत्वाधान में प्रोफेसर शिवनाथ सिह स्मृति व्याख्यान माला आरंभ की गई है।जिसका प्रथम व्याख्यान हुआ है। यह व्याख्यान माला आयोजित करने का शुभ संकल्प गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र जी का था। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शिवनाथ सिंह ने अपने कार्यकाल में इस कॉलेज का बहुत सा निर्माण का कार्य किया है। और उन्होंने इस कॉलेज के कई भवनों का निर्माण का निर्माण करवाया है।उनके द्वारा किए गए कार्य भुलाए नहीं जा सकते हैं।वह हमारे दिलों में अमर है। राजेंद्र जो डॉक्टर रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची के निदेशक एवं एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार भी है। उन्हें आज प्रथम व्याख्यान देने का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने जनजातीय इतिहास और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के इतिहास को मुख्य धारा के इतिहासकारों ने किनारे ही रखा जबकि उनका साम्राज्य बहुत बड़ा है। उन्होंने जनजातीय दर्शन को तमाम भारतीय दर्शन से जोड़ने हुए इसके सहज तात्विक और सामंतवादी स्वरूप को स्पष्ट किया है।इस अवसर पर डॉक्टर सोनू अन्नपूर्णा की दो पुस्तकों का भी विमोचन किया गया है अपने स्वागत भाषण में डॉक्टर सोनू अन्नपूर्णा ने प्रोफेसर शिवनाथ सिह के द्वारा कॉलेज में किए गए कई विकास कार्यों को बताया। डॉ आनंद कुमार सिंह ने भी उनके व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला है ' इस संगोष्ठी में हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ अभय नारायण सिह के अलावे डॉक्टर श्रीधर करुणा निधि, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, रवि कुमार, डॉक्टर प्रियंका कुमारी भी उपस्थित रहे हैं। रणेन्द्र की पत्नी जो चित्रकार है वह भी उपस्थित थी। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर राम उदय कुमार ने किया है।मंच संचालक विभाग की छात्रा ट्विंकल रक्षित तथा छात्र राहुल कुमार मिश्रा ने किया है।इस अवसर पर लगभग सभी विभागों से आए शिक्षक गण भी उपस्थित रहे कहीं महाविद्यालय से शिक्षक गण भी उपस्थित रहे हैं।

## जिला पदाधिकारी द्वारा दोमुहान से आईआईएम पहुंच पथ ठीक करवाने हेतु एनएच के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम द्वारा बुधवार को आईआईएम बोधगया का निरीक्षण किया गया है। आईआईएम संस्थान के डायरेक्टर ने बताया की इसकी स्थापना 31 अगस्त 2015 को हुआ था। इन वर्षों में बोधगया आईआईएम नई ऊंचाइयों को छुआ। आईआईएम बोधगया ने अपने खूबियों का परचम लहराया है। कोविड-19 के चुनौतियों के बीच कंपनियों ने आईआईएम बोधगया के छात्रों पर भरोसा किया है। यहां के संस्थान में छात्रों का 100% प्लेसमेंट हुआ है। आईआईएम बोधगया की कदम लगातार कामबायी की ओर बढ़ रही है। शोध के लिए अमेरिका के हार्वड बिजनेस स्कूल के साथ टाई-अप है। कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने छात्रों का कैंपस सेलेक्शन कर चुकी है। आईआईएम बोधगया की विशेषता फाइनेंस, मार्केटिंग, एचआर मैनेजमेंट में है। इसके अलावा यहां ऑपरेशन, इकॉनोमिक्स, पब्लिक पॉलिसी, ऑगेर्नाइजेशन बिहेवियर में भी पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट की पढ़ाई होती है। बोधगया संस्थान में प्रबंधन कौशल के लिए कई एजुकेशन प्रोग्राम द्वारा प्रशिक्षण देने की सुविधा है। वहीं पीएचडी के लिए इकोनॉमिक्स, फाइनेंस, मार्केटिंग, ऑपरेशन्स, आईटी क्षेत्रो में छात्रों को जगह दी गई है। इंटर के बाद आईपीएम कोर्स भी चल रहा है। आईआईएम को एमयू ने 118.82 एकड़ भूमि स्थानन्तरित किया है। इसमें 71 एकड़ मगध विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और शेष 47 एकड़ विश्वविद्यालय परिसर के बाहर है। इसमें मुख्य रूप से 4 मौजा यथा मोचरिम, बोधगया, रामपुर एव तुरीखुर्द मौजा शामिल है। आईआईएम बोधगया 412 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्मेंट द्वारा करवाया जा रहा है। मार्च- अप्रैल 2024 तक हैंड ओवर होने की संभावना है। कैंपस में अकैडमिक ब्लॉक, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, सिमुलेशन लैब, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर बिल्डिंग, प्रोफेसर क्वार्टर बिल्डिंग, होस्टल बिल्डिंग, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बास्केटबॉल कोट, बैडमिंटन कोट, मॉडल जिम, योगा रूम, क्रिकेट स्टेडियम शामिल है। आईआईएम बोधगया में मुख्य रूप से 5 प्रोग्राम कोर्स फुल्ली आवासीय है, उसमे पीएचईडी, एमबीए कोर्स, आईपीएम, एमबीए डिजिटल मैनेजमेंट, एमबीए हॉस्पिटलिटी एंड हेल्थ की कोर्स शामिल है। वर्तमान समय मे 1100 से अधिक विद्यार्थी यहां नामांकित हैं। जिला पदाधिकारी ने पूरे कैम्पस का घूम कर निरीक्षण किया है। कैम्पस के ड्रेनेज सिस्टम की जानकारी ली गई है। लघु जल संसाधन विभाग के अभियंता, कार्यपालक अभियंता नगर परिषद बोधगया को संयुक्त रूप से विजिट कर ड्रेनेज सिस्टम को बनवाने को कहा गया है। इसके अलावा बोधगया दोमुहान से आईआईएम पहुच पथ ठीक करवाने हेतु एनएच के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने 40 लीटर शराब को किया जब्त

शेरघाटी। पुलिस ने शराब को किया जप्त इधर थाना अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव के निकट 40 लीटर देसी शराब के साथ एक बाइक को जप्त किया है वहीं पुलिस को आते देख शराब कारोबारी बाइक व शराब छोड़कर भागने में सफल रहा, थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब व बाइक को जब्त कर थाने लाई गई है, जो कि मामले की छानबीन की जा रही है

### पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

गया। शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बी एड प्रशिक्षुओं द्वारा प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर आज शहीद आरक्षी मध्य विद्यालय में अभ्यास शिक्षण कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है ।जिसमें बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न प्रकार के सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया है इस मौके पर विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रसिक्षुओं को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि सह शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महति भूमिका निभाते हैं। सह शैक्षणिक गतिविधियां सर्वांगीण विकास की कुंजी है ।सह शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थी में दैनिक जीवन में सहयोग एवं समन्वय की भावना विकसित होती है। शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वह विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचाने एवं उसे सही दिशा निर्देश प्रदान करें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर ही है और शिक्षा का मूल उद्देश्य है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। इस मौके पर शहीद आरक्षी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पुष्पा शर्मा ने जमकर शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रशिक्षुओं की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षुओं के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्याथीर्यो चौमुखी विकास को प्राप्त कर रहे हैं और मैं अनुरोध करती हूं विभाग अध्यक्ष से की कुछ दिन और इन प्रशिक्षण को मेरे विद्यालय में सेवा देने की अनुमति प्रदान करें। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बीएड प्रशिक्षण शहर के विभिन्न विद्यालयों में अभ्यास शिक्षक को संपन्न करते हैं। विद्यालय और महाविद्यालय मे संबंध स्थापित करते है। एवं मंच संचालन बी एड प्रशिक्षु राकेश कुमार अवाम सुप्रिया कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन गीता कुमारी ने की है ।सह शैक्षणिक गतिविधि मे प्रथम वंदना थापा क्लास 8, द्वितीय सिया कुमारी क्लास 8, तृतीय अंशु कुमारी क्लास सात ने प्राप्त किया है

### 12वीं नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप का आयोजन

पटना। बिहार की धरती पर पहली बार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं ऑल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वाधान में 12वीं नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप का मेगा आयोजन जैसा कल प्रारंभ हुआ, कल दो चक्र की बाजी खेली गई, दो चक्रों की बाजी खेली जानी है। जहां पूरे भारत से आए विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच शतरंज के बोर्ड पर कशमकश चल रहा है, हर कोई अपनी बाजी को सफल बनाने में प्रयासरत है। आज ज्ञान भवन के सभागार में जहां शतरंज प्रतियोगिता चल रही है आयुक्त पटना बिहार श्री कुमार रवि एवं बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविंद्रन शंकरण खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए अतिथि के तौर पर पधारे थे। आज दो चक्र की बड़ी खेली जाएगी इसकी जानकारी टूर्नामेंट के निदेशक श्री धर्मेंद्र कुमार के द्वारा दी गई।

# जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर का किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में समाजसेवी संस्था के सदस्यों, शहर के आम नागरिकों व बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक के क्रम में नागरिक विकास समिति, केंद्रीय कार्य पूजा समिति और चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला व पुष्प गुच्छ भेंट देकर डीएम का जोड़दार स्वागत किया गया। वही स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी, नागरिक विकास समिति, केंद्रीय काली पूजा समिति और चेंबर ऑफ कॉमर्स के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता लोगों के मूलभूत समस्याओं को जल्द से जल्द निपटारा करना होगा और अपने शहर को चौहुमुखी विकास की ओर विकसित करने पर जोड़ दिया जायेगा। वही उन्होंने कहा कि भागलपुर के सभी संस्थाओं को मैं धन्यवाद करता हूं, साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के सभी संस्थाओं से मेरा अनुरोध होगा कि प्रशासनिक नियमों के साथ हाथ से हाथ मिलाकर चलें और शहर को भाईचारे व एकता के साथ हर दौर में आगे बढ़ाना है। इसके लिए शहर के तमाम लोगों का सहयोग चाहिए की बात को लेकर अपील भी की है।

# डेढ़ साल की मासूम बच्ची की मौके पर हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर परिक्षेत्र इलाके में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के तहत कोई भी विकासशील कार्य धरातल पर उतरता नही दिख रहा है। इसी कड़ी में मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भतोडिया पचकटिया गांव मुख्य सड़क मार्ग पर सरकारी कर्मचारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीन रवैया के कारण जल जमाव की स्थिति लगातार देखने को मिल रही हैं। वही इस जलजमाव के कारण पानी से भरे गड्ढे में एक ई- रिक्शा (टोटो) अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उक्त घटना की शिकार हुई एक डेढ़ साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई है। मृत बच्ची भतोरिया गंगा प्रसाद इलाके के रहने वाले पूरन दास की डेढ़ साल की बेटी विशाखा कुमारी के रूप में पहचान बतायी जा रही है। वही घटना को लेकर पीड़ित पिता पूरण दास ने बताया कि घटना के बाद घायल बच्ची को डॉक्टर से दिखाकर अपने घर लौट रहा था इसी बीच बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे में गांव इलाके के घरों से निकलने वाले पानी निकासी को लेकर कोई भी नली निर्माण कार्य नही किया जा सका है। जिससे गांव घर का व बारिश का पानी जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। इस मामले को लेकर कई बार फिसल कर स्कूली बच्चों व बूढ़े बुजुर्ग सड़क मार्ग पर बने गड्ढे में आए दिन गिर कर घटना का शिकार हो चुके हैं। वही मामले को लेकर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है।

# पूर्व सांसद की दिव्य आत्मा को शांति हेतु श्रद्धांजलि शोक सभा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार उर्फ रामबाबू के आवास पर गंगापुर के लोकनायक मुंगेर से तीन बार रहे पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल के आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार उर्फ रामबाबू ने किया। जबकि संचालन का काम पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार ने किया। सभा में उपस्थित जदयू कार्यकर्ता द्वारा पूर्व सांसद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बारी-बारी से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की तथा उनके किए गए कार्य को कभी भुला ना जा सके इस प्रकार से संबोधन किया। अपनी अध्यक्षता भाषण में रामकुमार द्वारा कहा गया कि ऐसे महान नेता की कमी हम लोगों को हर हमेशा सताएगी । इनकी राह पर चलकर हम लोग अपने समाज में विकास कर सकते हैं। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में उपस्थित सदर प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ शालिग्राम मंडल, बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण देव मंडल, सदर प्रखंड किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार, श्रवण कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहियार में अधेड़ व्यक्ति की मिली लाश

प्रात : किरण संवाददाता



**आरोप**

- धारदार हथियार से की गई थी हत्या

भागलपुर। इन दिनों शहरी परिक्षेत्र इलाके में अपराधियों की गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही हैं। शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह जगह अपनी वारदातों को अंजाम देने की होड़ लगा दी है, शहर के पुलिस महकमे में फेरबदल की गतिविधियों के बीच अपराधी अपने मंसूबों को अंजाम देने के क्रम में छिनतई, लूट, हत्या जैसे कई संगीन अपराध को अंजाम दे रहे हैं तो कही दिनदहाड़े गोलीबारी तो कही पिरोती की मांग को लेकर सरेआम दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली फायरिंग जैसे आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की लगातार जानकारी सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एक और मामला सनहोला थाना परिक्षेत्र इलाके के बहियार से सामने आया है। जहां अपराधियों ने एक अधेड़ उम्र व्यक्ति के शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृत शव को फेंक दिये जाने का मामला सामने आया है। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के घर से करीब दो किलोमीटर दूरी पर उसकी लाश मिलने से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। वही घटना की जानकारी मिलने से आसपास के गांव इलाके में आग की तरह सनसनी फैल गई है। वही दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों व प्रत्यक्षदर्शियों के सहयोग से शव का शिनाख्त हो पाई है। जिसके बाद घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को पुलिस के द्वारा दिया गया था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान पुष्टि की। वही घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि अपराधियों के द्वारा अधेड़ पर धारदार हथियार से पहले वार किया गया है, उसके बाद गला रेत कर उनकी हत्या की वारदात को अंजाम दी गई दिख रही है। वही मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर जख्म का निशान उभरा हुआ दिखाई दे रहा था। वही पुलिस के मुताबिक अधेड़ का आधा गला कटा हुआ है। जिसे प्रतीत होता है कि धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या की वारदात को अंजाम दी गई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल व आसपास क्षेत्र इलाके का मुआयना कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वही पुलिस ने तत्कालीन शव व आसपास के इलाके की विशेष जांच को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देशन में एफएसएल व डॉग स्क्वायड की टीम को घटना स्थल पर बुलाया गया जिसके बाद मौके पर पहुंची जाँच टीम ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है। वही घटना को लेकर परिजनों का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। वही पूरे मामले को लेकर सिटी एसपी राज ने बताया कि एक अधेड़ का लाश बरामद हुआ है प्रथम दृष्टि हत्या की बात सामने आ रही है। फिलाल मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, वही पुलिस द्वारा तकनीकी रूप से अनुसंधान की जा रही है। वही पुलिस ने परिजनों के बयान के मुताबिक गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

# 85 लाख एकड़ सरकारी जमीन पर भूमाफिया का अवैध कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार में दबंग और भूमि माफियाओं द्वारा गलत तरीके से सरकारी जमीन की जमाबंदी अपने नाम से करा लिया है। इसके लिए राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना ने इन जमाबंदियों का सत्यापन कर रद्द करने का अभियान चला कर चलने का आदेश सितंबर 2023 में राज्य के सभी जिलों को दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पटना के आदेश के आलोक में राज्य भर में मात्र 8000 एकड़ भूमि का सत्यापन सभी जिलों से हो पाया है राजस्व एवं भूमि सुधार से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के 07 जिलों में ऐसे हैं जिसने कुछ सत्यापन कर पाया है कुछ रोड और रेलवे स्टेशनों के आसपास अतिक्रमण हटाकर खाना पूर्ति कर दिखाया है विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सभी जिलों को इस कार्य में गति लाने का सख्त आदेश दिया गया है बिना हिसाब वाले लगभग 10 लाख जमाबंदी हैं विभागीय सूत्रों ने बताया कि मुंगेर जिले में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा 48781 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा है इस जमीन को खाली करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस उपाय नहीं किया जा सका है। जमुई में 67410 एकड़ गया में 56926 एकड़ पश्चिम चंपारण में 48160 एकड़ पूर्वी चंपारण में 45957 एकड़ भागलपुर में 33564 एकड़ किशनगंज में 38658 एकड़ रोहतास में 31695 एकड़ मधेपुरा में 26637 एकड़ कटिहार में 23577 एकड़ सुपौल में 216 266 एकड़ बेगूसराय में 21665 एकड़ खगड़िया में 20000 126 एकड़ नालंदा में 200856 एकड़ वैशाली में 20000 276 एकड़ मधुबनी में 19510 एकड़ पूर्णिया में 19800 62 एकड़ मुजफ्फरपुर में 179 0091 नवादा में 17626 एकड़ भोजपुरी में 17869 एकड़ पटना में 15149 एकड़ दरभंगा में 15000 428 एकड़ अररिया में 14017 एकड़ कैमूर में 10000 48 एकड़ शिवहर में 2200 एकड़ बक्सर में 5946 एकड़ अरवल में 8638 एकड़ औरंगाबाद में 8242 एकड़ जहानाबाद में 82 24 एकड़ शेखपुरा में 9174 एकड़ बांका में 106966 एकड़ भूमि अवैध कब्जा कर भूमि माफिया और दबंगों ने अपने नाम से कर लिया है

# 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कारोबारी सहित बाईक जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर पुलिस ने गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर चौक के पास बाईक पर ले जा रहे 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए शराब कारोबारी व बाईक जब्त कर थाना लाया । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ए एस आई नवल किशोर यादव को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक बाईक पर अंग्रेजी शराब ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस गश्ती दल गोविन्दपुर चौक के पास पहूंची। पुलिस वाहन को आते देख शराब कारोबारी तेजी से भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। अंग्रेजी शराब एक जर्किन में था। शराब बरामद करने के साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया व बाईक को जब्त कर थाना लाया। जिसमें 750 एम एल के छः व 375 एम एल के 60 बोतल शराब था। कुल मिलाकर 66 बोतल में 27 लीटर शराब था। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस के गुप्त सूचना मिली की एक बाईक पर बिक्री के लिए अंग्रेजी शराब ले जाया जा रहा है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कारोबारी घनश्याम यादव देवघर का रहने ब वाला है। मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई है। जिसे न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेजा जा रहा है।

# पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट अग्रणीय भूमिका निभाने को तत्पर : प्रसाद राऊत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी । पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट का गठन एवं रजिस्ट्रेशन के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने कहा कि सरदार पटेल ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सह गृह मंत्री के पद पर रहते हुए बिना खून खराबा के 562 देशी रियासतों का विलय कर एक विशाल और शक्तिशाली भारत का निर्माण किया,वह एक सच्चे राष्ट्रवादी थे और अपने समय की समस्याओं को बड़ी स्पष्टता और गहनता से समझकर उसका शीघ्र समाधान करते थे ' अपने सिद्धांतों और विचारों पर अडिग रहकर हमेशा देश हित की बात सोचते थे ।उनका जीवन अनुशासित और पारदर्शी था ।इस राष्ट्र के प्रति अतुलनीय एवं अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया । अभूतपूर्व साहस एवं दूरदर्शिता पूर्ण योगदान के लिए सरदार पटेल इस दुनिया में अमर हो गए और अपनी शुचिता सात्विकता एवं निर्मलता जैसे विरल सदगुणों के बल पर भारतीय राजनीतिक में अमित छाप छोड़ गए । सरदार पटेल का व्यक्तित्व भारतीय राजनीतिक में गांधी जी के बाद सबसे अधिक प्रभावित करने वाला है राजनीतिक चिंतकों,बुद्धिजीवियों तथा जनसाधारण के भी मानस पटेल पर रह रह कर उभरती रहती है कि सरदार पटेल प्रधानमंत्री होते तो आज देश की तस्वीर दूसरी होती सरदार पटेल के विचारों को आगे बढ़ते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस घोषित करने, गुजरात में सरदार पटेल की विशाल मूर्ति का निर्माण करने और महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की विशाल मूर्ति के निर्माण एवं सरदार पटेल की जयंती को एक बड़े पैमाने पर मनाने के लिए सभी राज्यों को निर्देश देने के लिए पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट के माध्यम से उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करता हैं । साथ ही सामाजिक सुधारो के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की नशा मुक्ति, दहेज मुक्त विवाह, बाल विवाह निषेध, बालिका की शिक्षा आदि अभियान की सफलता में पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट अग्रणीय भूमिका निभाने को तत्पर है ।

# महुअरिया-दुद्धीनगर व कृष्णशिला-अनपरा रोड रेलखंड का हुआ निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 12 किमी लंबे नव-दोहरीकृत महुअरिया-दुद्धीनगर रेलखंड का तथा करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 5.56 किमी लंबे नव-दोहरीकृत कृष्णशिला-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष टेज्न से दोनों रेलखंडों का सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही इन दोनों नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन प्रारंभ किया जाएगा । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा तथा निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# विवाहिता की मिली फंदे से लटका हुआ मृत शव

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। कजरैली थाना परिक्षेत्र के विशन रामपुर गांव इलाके में 25 वर्षीय विवाहिता का खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के गांधी तांती की 25 बर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी ने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर प्रत्यक्ष रूप से महिला के शव को उसके घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला है, वही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई को लेकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वही पुलिस ने महिला के शव को संबंधित परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से उतार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस ने उक्त कमरे को सील कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका लक्ष्मी का मायका दराधी बाघपुर स्थित है। वही मृतिका के पति गांधी तांती राजकोट में किसी निजी संस्थान में काम करते हैं, जिसके साथ मृतिका की शादी करीब 2 साल पहले हुई थी। महिला को उसके परिवार में एक साल की बेटी थी जिसकी दो माह पूर्व ही मृत्यु हो गई थी।

जिससे आहत हो कर मृतिका लक्ष्मी काफी दिनों से चिंतित व परेशान चल रही थी। वही बच्ची की मौत के बाद भी पति घर नहीं आए तो लोगों ने कई तरह की चर्चा शुरू कर दी थी। वही ग्रामीणों ने बताया की बेटी की मौत और उसके बाद भी पति के घर नहीं आने से महिला और हताश हो चल रही थी, जिससे वह अपने कमरे में ही गुमसुम रहने लगी थी किसी से बातचीत भी नहीं करती थी। वही अचानक कल से जब मृतिका के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो शक हुआ तो घर में उसके ससुर रीतल तांती व सास ने स्थानीय अपने पड़ोसी ग्रामीणों के सहयोग लेकर बंद कमरे के दरवाजा तोड़ा गया तो उसकी लाश लटकी हुई मिली तो वही त्वरित आनन फानन में ग्रामीणों के मदद से कजरैली थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कवायद शुरू की वही पुलिस ने मामले की जांच को लेकर स्पेशल जांच हेतू एफएसएल की टीम को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची एफएसएल जांच टीम मौके पर पहुंच त्वरित घटनास्थल की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

### औसी ओपी परिसर मे शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

मधुबनी। बिस्फी औंसी ओपी परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव तथा वसंत पंचमी शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने को लेकर ओपी परिसर में नव पदस्थापित ओपी अध्यक्ष विकास कुमार ने शांति समिति की बैठक का आयोजन की । बैठक में ओपी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया था । उन्होंने शांति एवं सद्भाव के साथ वसंत पंचमी पूजा मनाने की बात कही । उन्होंने लोगो से सहयोग का अपील करते हुए कहा कि कही भी कोई संदिग्ध व्यक्ति या अफवाह फैलाने वाली बात नजर आवें तो तुरंत पुलिस को सूचना दें । मैं त्वरित करवाई करूंगा । बैठक में औसी बाभनगवा उत्तरी पंचायत के मुखिया इनायतुल्लाह खान उर्फ मुन्ना , दक्षिणी पंचायत के मुखिया पति कलाम कुरैशी समाजसेवी आरिफ अम्बर जिलानी नजमूल होदा मो कलामुद्दीन अब्दुस्सलाम कमरे आलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार द्वारा गांव चलो अभियान का गया जिला में शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान का गया जिला में शुभारंभ बिहार सरकार के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार बोधगया विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 बूथ संख्या 30 पर प्रवास करेंगे जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह इमामगंज विधान सभा में प्रवास करेंगे एवं जिला के वरीय नेता एवं कार्यकर्ता भी गया जिला के सभी बूथों पर प्रवास करेंगे 9 फरवरी से 11फरवरी तक प्रवास का कार्यक्रम चलेगा प्रत्येक प्रवासी बूथ स्तर के कमिटी के साथ बैठकर समीक्षा करेंगे जनसंघ काल से लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता वैसे कार्यकताओं से संपर्क करना व्हाट्सएप ग्रुप एवं उपरोक्त बूथों के आस पास के मंदिरों का सफाई अभियान एवं विधानसभा क्षेत्र के लोगों से संवाद करना 9 साल बेमिसाल देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी के कार्यकाल में जनता को जो लाभ मिला हैं वैसे लाभार्थियों से संवाद करना तथा भारत सरकार के योजनाओं की पूरी जानकारी देंगे बिहार के गुदड़ी के लाल श्रद्धेय पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर एवं भाजपा के पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की जानकारी भी देंगे एवं गांवों में चौपाल लगाकर बताना हैं एक बार फिर तीसरी बार 400+ सीट जीतकर मोदी जी को प्रधानमंत्री पद पर आसीन होंगे ।गांव में प्रवास करने वाले प्रदेश मंत्री अमित दांगी,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा,जैनेंद्र कुमार,अनिल स्वामी,मुकेश शर्मा,संजू साव,मनीष मिश्रा,संतोष गुप्ता,शंभू केशरी,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार, युगेश कुमार,संतोष सिंह,गोपाल प्रसाद यादव, रंजन कुमार सिंह, पप्पू चंद्रवंशी,संतोष ठाकुर,पुरषोत्तम कु मार ,बिनोद सिंह,धर्मेंद्र यादव,प्रशांत कुमार, कौशल वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष भी सभी बूथों पर प्रवास करेंगे।

# लोकसभा आम चुनाव के कार्य को सुगमता पूर्वक संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यो के सुगमता पूर्वक संचालन को लेकर बुधवार को समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी निर्वाचन कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी कोषांगों के गठन तथा उसके सुगमता पूर्वक संचालन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की तिथि शीघ्र ही घोषित होने वाली है, इसके मद्देनजर सभी कोषांगों का गठन भी कर दिया गया है। कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं कर्मी अब एक्टिव मोड में आ जाएं तथा तीव्र गति से कार्य प्रारंभ कर दें, ताकि कोषांगों का संचालन सुचारू रूप से हो सके तथा सभी कार्य स-समय अद्यतन स्थिति में शत प्रतिशत पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी पदाधिकारी अथवा कर्मी की किसी भी तरह की लापरवाही को कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा और कर्तव्यहीनता सामने आने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन भी पदाधिकारी एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति संबंधित कोषांगों में हुई है वो अपनी ड्यूटि के प्रति सजग एवं कर्तव्यनिष्ठ रहेंगे तथा अपने अपने कार्यकलापों का स-समय निष्पादन करते रहेंगे। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से सभी निर्वाचन कोषांगों का संचालन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन में 1032 बूथ हैं, इसके आधार पर सभी दण्डाधिकारियों, मतदान कर्मियों एवं अन्य स्तर के कर्मियों का आकलन कर डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कर्मियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में सभी की उपस्थिति तथा मोबाइलेजशन शत प्रतिशत हो इसका विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयोजित प्रशिक्षण में सभी कर्मियों को शत प्रतिशत उपस्थित के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना है, जिन भी कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थिति की सूचना पायी जाएगी उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम से संबंधित किसी भी तरह का कोई भी कार्य राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ही की जाएगी, ताकि उनके द्वारा बाद में किसी तरह का कोई आरोप प्रत्यारोप न किया जा सके।

# महिला के साथ दो वर्षो तक किया यौन शोषण, अब युवक ने किया शादी से इंकार

- शादी से मुकरा युवक घर से हुआ फरार
- आवेंदन देने के बावजूद नही हुई कोई कार्यवाई
- न्याय के लिए दर दर भटक रही पीड़ित महिला

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों जिले भर में महिला उत्पीड़न के दर्जनों मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर थाना क्षेत्र इलाके में एक बार फिर शादी का झांसा देकर 25 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय गांव इलाके की एक महिला ने बिहपुर थाना सहित नवगछिया के महिला थाना में आवेंदन देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित महिला के दिए गए आवेंदन में बताया है कि वह तीन बच्चों की मां है। विगत 2020 में अचानक उसके पति की गम्भीर बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। जिससे परिवार जीविकोपार्जन हेतू समस्या उत्पन्न होने लगी थी। जिसके बाद में अपने परिवार बच्चों का भरण पोषण किये जाने को लेकर किसी तरह मजदूरी करने लगी जिससे अपने तीनो बच्चों का पेट भर रही थी। इसी बीच बिहपुर थाना के अरसंडीह गांव निवासी सरबोध कुमार महतो पिता चरित्र महतो ने बार-बार विरोध करने के बावजूद प्रेम प्रसंग करने व शादी करने की बात कहकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और यह बात पूरे समाज मे फैल गई, तो जिसके बाद युवक सरबोध महतो ने शादी करने की बात कही थी, लेकिन लगातार मेरा यौन शोषण करता रहा और अब उन्होंने शादी नही करने से इंकार कर रहा है। वही मामले को लेकर जब भी उसके पास जाती हूं तो वह घर से फरार चल रहा है। वही उन्होंने लिखा है कि बीते दिनों जब शादी की बात को लेकर अचानक उसके घर पहुंची तो युवक सरबोध ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया और कहा जाओ तुमको अब नही रखूंगा। वही उसके परिवार के लोग उसके पिता चरित्र महतो और भाई अमित महतो ने संयुक्त रूप से लात घुसा से घसीट घसीट कर बहुत मारा है। वही पीड़ित महिला ने बताया कि इस मामले को लेकर जब विगत तीन फरवरी को स्थानीय बिहपुर थाना में आवेंदन दिया गया। तो बिहपुर पुलिस द्वारा सरबोध महतो को थाना लाया गया जहां उसके साथ मेरा तस्वीर संबंधित पुलिस द्वारा उनके मोबाईल में लिया गया था, साथ ही चार गवाह के समक्ष सरबोध ने कहा कि वह उससे शादी करेगा, लेकिन तीन फरवरी की देर शाम को ही वह घर छोड़ फरार हो गया है। जिसके बाद पीड़िता महिला ने पुनः चार फरवरी को नवगछिया थाना पहुंची थी। जिसके बाद महिला को वहां भी निराश ही होकर लौटना पड़ा था। नवगछिया थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाई नही किये जाने के बाद पीड़ित महिला न्याय की गुहार लिये दरदर भटकती दिख रही है। वही मामले को लेकर पीड़ित महिला ने बताया कि नवगछिया एसपी से इस मामले को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। वही एसपी ने पीड़ित महिला को आश्वासन दिया गया है कि जांचोपरांत अभियुक्त के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाई की जाएगी। वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा है कि पीड़ित महिला का आवेंदन नही मिला है, आवेंदन मिलने पर जांचोपरांत दोषी अभियुक्त के विरुद्ध उचित कार्यवाई जल्द होगी।

